

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 222

ग्वालियर, शनिवार, 2 अक्टूबर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## उत्तर प्रदेश बरेली जा रही थी बस हाइवे पर घटित हुआ हादसा, मृतकों में एक महिला शामिल

# एनएच-719 पर बस और कंटेनर की जोरदार भिडंत में 7 लोगों की दर्दनाक मौत, 15 घायल

### परिवहन और राजस्व मंत्री गोविंद सिंह ने हादसे मृतक परिवार को 4 लाख व घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा

**भिण्ड।** गोहद थाना क्षेत्र के डांग पहाडिया इलाके के हरगोविंद पूरा के पास सुबह लगभग 7.30 बजे ग्वालियर से बरेली जा रही बस व भिण्ड से कैडबरी जा रहे कंटेनर के चालक ने जोरदार साइड में टक्कर मार दी, जिसके बाद नशे में धुत्त चालक कंटेनर ले जाकर खंती में जा गिरी और चालक उसी में फसा रह गया। इस जोरदार भिडंत में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी जिसमें एक महिला भी शामिल है और 15 लोग घायल हो गये। हादसे की सूचना पुलिस को मिलते ही तुरंत बड़ी सं या में पुलिस बल पहुंचा और बचाव कार्य शुरु किया गया, सबसे पहले एंबुलेंस की सहायता से घायलों को तुरंत ग्वालियर जेएएच में भर्ती कराया गया और मृतकों के शवों को निकालकर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस के मुताबिक, 6 मृतकों की पहचान हो गई है। इनमें 22 साल का रजत राठौर निवासी किलागेट ग्वालियर, 20 साल की रानी आदिवासी निवासी सागर, हरेंद्र तोमर निवासी इटावा, हरिओम निवासी हरदोई यूपी, शिवम उर्फ प्रशांत निवासी मऊ और 26 साल का राहुल निवासी इटावा शामिल हैं।



हाइवे पर हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर लंबा जाम लग गया और तुरंत हादसे की सूचना मिलते ही भिण्ड पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, कलेक्टर सतीश कुमार एस भी पहुंचे। इस सड़क हादसे की खबर जैसे मंत्रियों को लगी तो तुरंत परिवहन और राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने हादसे पर घर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 4 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा की है। हादसे के बाद घायलों से मिलने पहुंचे लहार विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. गोविन्दसिंह ने 10 लाख रुपये मृतक परिवार को देने की मांग रखी।

**पुलिस अधीक्षक ने की मरने वालों की पुष्टि:** इस पूरे हादसे में सात लोगों के मरने की पुष्टि हुई है पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मरने वालों में एक महिला और 6 पुरुष हैं वही 15 यात्री घायल हैं, घायलों में 4 की हालत गंभीर है, जिन्हें ग्वालियर रैफर कर दिया गया है, फिलहाल मृतकों में 4 की पहचान हो चुकी है, जबकि 3 अभी अज्ञात है, घायलों का इलाज जारी है, वहीं घायलों ने बताया कि वे सुबह बरेली की बस में यूपी के इटावा, हरदोई, बरेली जाने के लिए निकले थे, लेकिन कंटेनर तेज र तार ओर अनियंत्रित होने से हादसा हो गया, घायलों बताया कि हादसे पूरी गलती कंटेनर चालक की है, ज्यादातर घायलों को सिर के पास चोट आयी हैं, जो डंपर टकराने से शीशे टूटने से लगी।

**हादसे का शिकार हुए ज़्यादातर लोग ग्वालियर निवासी:** घटना की जानकारी मिलते ही गोहद चौराहा पुलिस तुरंत घटना स्थल पहुंचे और यात्रियों का रेस्क्यू शुरू कर हॉस्पिटल भिजवया, मृतकों में रजत राठौर पुत्र शिवबीर राठौर निवासी ग्वालियर, रानी पत्नी भगवान आदिवासी निवासी साहगड सागर, हरेन्द्र पुत्र रघुवीर तोमर निवासी इटावा, हरिओम पुत्र देखराज करेरिया निवासी हरदोई बताए गए हैं। गोहद बीएमओ आलोक शर्मा ने बताया की सुबह हादसे के समय क़रीब 15 लोगों को लाया गया था, जिनमें 4 की हालत गंभीर थी उन्हें डीप.रैक्चर होने से ग्वालियर रैफ़र किया गया था, वही कुछ घायल को मामूली चोट थी जो घर चले गए क़रीब 4 घायल अस्पताल में भर्ती हैं जिनका इलाज किया जा रहा है।

**कलेक्टर ने घायलों को दी आर्थिक सहायता:** एसपी मनोज कुमार और कलेक्टर भी मौक़े पर पहुंच हालातों जायज़ा लिया और घायलों और मृतकों के परिजन से मुलाक़ात कर रेडक्रॉस सॉसायटी की ओर से गंभीर रूप से घायलों को तत्काल 5 हजार रुपये और मामूली घायलों को 2 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता तुरंत मुहैया करायी गयी है।

## खास खबर

### जो विद्यार्थी पहाड़ों की सबसे ऊंची 10 चोटी पर चढाई करेगा, उस 5 लाख रुपए की राशि दी जाएगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश के स्कूली विद्यार्थियों के लिए पर्वतारोहण की एक अनोखी योजना बनाई जाएगी। इसके तहत जो विद्यार्थी पहाड़ों की सबसे ऊंची 10 चोटियों में से किसी एक की चढाई करेगा उस 5 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की श्रंखला में राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों के 75 विद्यार्थियों व अध्यापकों का दल स्कूल शिक्षा विभाग एवं नेशनल एडवेंचर क्लब चंडीगढ के सहयोग से हिमाचल प्रदेश के लाहौल क्षेत्र में 6111 मीटर की ऊंचाई पर स्थित माउंट यूनम पर पर्वतारोहण करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो स्पोर्टस हब के रूप में जाना जाता है। हरियाणा के खिलाड़ी ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक में सबसे ज्यादा मैडल लाए हैं। इसलिए स्पोर्टस की तर्ज पर पर्वतारोहण करने वालों के लिए भी योजना बनाई जाएगी।

### गांधी जयंती के दिन पीएम मोदी करेंगे ग्राम पंचायतों और वीडब्ल्यूएससी के साथ बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे जल जीवन मिशन पर ग्राम पंचायतों और पानी समितियों / ग्राम जल और स्वच्छता समितियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत करेंगे। प्रधान मंत्री कार्यालय की तरफ से इसकी जानकारी आई है। बता दें कि महात्मा गांधी की जयंती के दिन यह बातचीत होगी। बता दें कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहरों को कचरा मुक्त बनाने के लिए स?वच?छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 (दूसरा चरण) का शुभारंभ किया है। इसके साथ ही एएमआरयूटी 2.0 की भी शुरुआत प्रधानमंत्री ने की। नई दिल?ली स्थित डाक?टर अंबेडेकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में इसकी शुरुआत हुई। इस दौरान वर्ष 2014 में खुले में शौच को खत?म करने का लक्ष?य निर्धारित किया गया था। इसको दस करोड़ शौचालय बनाकर पूरा किया गया है। अब शहरों को कचरा मुक्त किया जाएगा।

### कैराना में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, चार लोगों की मौके पर ही मौत

**शामली।** यूपी के शामली जिले के कैराना में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट होने से चार लोगों की मौके पर मौत हो गई।जबकि धमाके में एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार,रजवाहे के पास स्थित फैक्ट्री में शाम करीब पौने पांच बजे विस्फोट हुआ।धमाका इतनी तेज था कि वहां मौजूद बड़ी संख्या में लोग इसकी चपेट में आ गए।पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर मलबे में दबे लोगों को निकालने का काम किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में कई लोग काम करते थे, लेकिन शुक्रवार होने की वजह से कई लोग काम पर नहीं आए थे।घटना के तुरंत बाद मौके पर डीएम और एसपी भी पहुंच गए हैं।

### सीएम बदलने के बाद पंजाब में प्रभारी भी बदलेगी कांग्रेस, राहुल के करीबी को मिलेगी कमान

**नई दिल्ली।** पंजाब में कांग्रेस प्रदेश कमेटी का अध्यक्ष और मुख्यमंत्री बदलने के बाद अब कांग्रेस प्रभारी बदलने जा रही है। पंजाब में सियासी खींचतान के दौरान राहुल गांधी और पंजाब कांग्रेस के नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजस्थान के कैबिनेट मंत्री हरीश चौधरी को पंजाब मामलों का नया प्रभारी बनाया जा सकता है।

## इस बार पटाखे फोडऩा होगा महंगा



### लॉकडाउन के कारण देरी से खुली शिवाकाशी की फैक्ट्रियां, थोक बाजार में 25 प्रतिशत महंगा बिक रहा पटाखा

**भोपाल।** कोरोना काल के बाद आ रहे दशहरे और दिवाली पर इस पटाखे फोडऩा महंगा होने वाला है। लॉकडाउन के कारण फैक्ट्रियां बंद रहने और कच्चे माल के रेट में बढ़ोतरी के कारण शिवाकाशी के बाजार में देसी पटाखा 20 से 25 प्रतिशत तक महंगा बिक रहा है, जिसका असर खेरची बाजार में भी होगा। ऊपरी तौर पर पटाखा व्यापारी चाइना के पटाखे बेचने से मना कर रहे हैं, लेकिन अगर बाजार में चाइना का पटाखा आता है तो इसका असर देसी पटाखे के बाजार पर होगा। पिछले साल दिवाली और दशहरे पर पटाखा व्यापार पर कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन का गहरा असर हुआ था। एक तरह से नए पटाखों का उत्पादन नहीं हुआ था। शिवाकाशी, जो देश में पटाखा उत्पादन में अव्वल है, वहां भी क्षमता से बहुत कम पटाखों का उत्पादन हुआ था। इस साल भी कोरोना के कारण पटाखा फैक्ट्रियां बंद रहीं और लॉकडाउन समाप्त होने के बाद वहां उत्पादन शुरू हुआ है। जुलाई के बाद शुरू हुए उत्पादन के लिए कच्चे माल की आपूर्ति और फिर मजदूरों की पूर्ति में ही एक माह बीत गया। उसके बाद अगस्त में उत्पादन शुरू हुआ, जो इस बार भी कम होने की उम्मीद है, क्योंकि दक्षिण भारत में इस बार बारिश ने भी कहर बरपाया और पटाखे सूख नहीं पाए। शिवाकाशी से पटाखों की खरीदारी कर लौटे इंदौर के पटाखा व्यापारी अरविंद जैन ने बताया कि पटाखों पर कोरोना की मार साफ दिखाई दे रही है। कम उत्पादन, कच्चे माल के दाम में बढ़ोतरी के कारण पटाखों के दाम में 20 से 25 प्रतिशत तक तेजी रही है और पटाखे इस बार महंगे खरीदना पड़े। जाहिर है कि खेरची बाजार में भी पटाखे इस बार महंगे ही बिकेंगे, यानी दशहरे और दिवाली पर इस बार आतिशबाजी करना महंगा साबित होगा।

**चाइना के पटाखे चोरी-छिपे आए बाजार में:** चाइना के पटाखों को लेकर कहा जा रहा है कि ये बाजार में नहीं बिकेंगे, लेकिन सस्ते होने के कारण इस बार भी व्यापारियों ने चाइना के माल की बुकिंग करवाई है। रीजनल पार्क में बनाए जा रहे पटाखा मार्केट में कई व्यापारी ऐसे हैं, जो चाइना का नाममात्र का माल दुकान पर रखते हैं और उसको दिखाकर बुकिंग कर माल सीधे गोदाम से सप्लाई करते हैं। सूत्रों का कहना है कि इस बार भी बड़ी मात्रा में माल चाइना से आया है।

## स्वच्छता जीवनशैली है, स्वच्छता जीवन मंत्र है: पीएम मोदी




### पीएम ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 और अमृत 2.0 मिशन का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें ये याद रखना है कि स्वच्छता, एक दिन का, एक पखवाड़े का, एक साल का या कुछ लोगों का ही काम है, ऐसा नहीं है। स्वच्छता हर किसी का, हर दिन, हर पखवाड़े, हर साल, पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाला महाअभियान है। स्वच्छता जीवनशैली है, स्वच्छता जीवन मंत्र है। स्वच्छ भारत अभियान और अमृत मिशन की अब तक की यात्रा हर देशवासी को गर्व से भर देने वाली है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 और अमृत 2.0 का शुभारंभ करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। इस दौरान उन्होंने देशवासियों को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि साल 2014 में देशवासियों ने भारत को खुले में शौच से मुक्त करने का संकल्प लिया था। 10 करोड़ से ज्यादा शौचालयों के निर्माण के साथ देशवासियों ने ये संकल्प पूरा किया। अब स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 का लक्ष्य है कचरा मुक्त शहर, कचरे के ढेर से पूरी तरह मुक्त शहर बनाना है। पीएम मोदी ने कहा कि अमृत मिशन देशवासियों की और मदद करने वाला है। शहरों में शत-प्रतिशत लोगों की साफ पानी तक पहुंच हो। शहरों में सीवेज का बेहतरीन प्रबंधन हो। इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिशन अमृत के अगले चरण में देश का लक्ष्य है- सीवेज और सेप्टिक मैनेजमेंट बढ़ाना, अपने शहरों को जल सुरक्षित शहर बनाना और ये सुनिश्चित करना कि हमारी नदियों में कहीं पर भी कोई गंदा नाला न गिरे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान और अमृत मिशन की अब तक की यात्रा वाकई हर देशवासी को गर्व से भर देने वाली है।









# आंखों में मिर्ची झोंककर मुनीम की लूट का 48 घंटे में हुआ पर्दाफाश, व्यापारी के बेटे ने रैकी कर कराई थी लूट



शिवपुरी।

पिछोर थाना क्षेत्र जहां बीते 48 घंटे पहले हुई लूट का पुलिस ने महज 48 घंटे में पर्दाफास कर लिया है। विदित हो कि 28 सितंबर को फरियादी ने थाना पिछोर आकर सूचना दी कि वह सेठ विक्की कुकरेजा की दुकान पर मुनीम हूं और दुकानों से पैसे वसूलने का काम करता हूं, आज दोपहर 3֊45 बजे के लगभग मै दुकानों से पैसा वसूल कर रहा था तभी एक अज्ञात व्यक्ति मुंह पर रुमाल लगाए हुए आया और मेरी आंखों में मिर्ची डालकर मेरे हाथ से बैग छीन ले गया जिसमें लगभग 1 लाख रुपये एवं कागजात थे, फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना पिछोर में धारा 392 ,11/13 एमपीडीपीके एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस मामले को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल द्वारा गंभीरता से लेकर घटनास्थल का मुआयना किया एवं आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया एसडीओपी पिछोर दीपक तोमर के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम का गठन किया गया एवं आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया । जहाँ दिनांक 30.09.2021 को थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक गब्बर सिंह गुर्जर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गल्ला मंडी के पास बैठा है, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी पिछोर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जिस पर से अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी एवं एसडीओपी करैरा के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी पिछोर द्वारा उनि. नितिन भार्गव के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर रवाना किया गया, पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर देखा तो बताये हुलिये का व्यक्ति बैठा दिखा। जिसे हमराह फोर्स की मदद घेराबंदी कर पकड़ा, जिसपर पता चला कि उक्त आरोपी हेमंत पुत्र सोमराज कोली उम्र 23 साल निवासी राजा महादेव पिछोर ने लूट की बारदात कबूल की। जब उक्त आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि मोनू पुत्र मनीराम खचेरा जो कि मनिहारी के व्यापारी का मनीराम का बेटा है। उसी ने उक्त लूट की योजना बनाते हुए मुखबिरी की थी। जिसपर पुलिस ने दूसरे आरोपी को मोनू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपीयों के कब्जे से 64 हजार रूपए सहित लूट की सभी सामाग्री बरामद कर ली। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी पिछोर निरी. गब्बर सिंह गुर्जर, उनि. नितिन भार्गव, सउनि जहान सिंह, आर. हेम सिंह गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

फोटोऱ्0143

# इंडियन आर्मी से रिटायर फोजी मंगल कुशवाह का करैरा में हुआ जोरदार स्वागत



करैरा।

करैरा नगर मे इंडियन आर्मी से रिटायर हुए मंगल कुशवाहा पिता हरचरण कुशवाह लद्दाख से हुए रिटायर्ड आज उनका अपने गृह निवास करैरा आगमन पर मुगावली तिराह से समाज बंधु, समाज सेवी जन प्रतिनिधि सहित सभी ने माला पहनाकर स्वागत डीजे की धुन पर राष्ट्रीय गीत के साथ नगर के प्रमुख मार्गों मुगावली तिराह से कृषि उपज मंडी क्षेत्र, नई तहसील, झाँसी रोड, बीज भंडार, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, पुरानी तहसील होते हुए अस्पताल कालौनी पर पहुंचकर सम्मान समारोह हुआ। वही पुलिस चौकी पर टैक्सी यूनियन अध्यक्ष शैलू खान एवम् उनकी टीम ने इंडियन आर्मी मंगल कुशवाहा का माला पहनाकर साल श्री फल भेट की टैक्सी यूनियन मे अध्यक्ष शैलू खान,संतोष साहू , इरशाद खान राजेश कुशवाह बाबूलाल बाथम राम सिंह रजक कुंदन बलराम साहू धर्मेंद्र प्रजापति सुलेमान भाई इरशाद खान चाचा हरि कुशवाह आदि सभी ने सम्मान किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में 2 लोगो को सांप ने काटा, झाडफूक के कारण दोनो की मौत- समय पर नही मिला इलाज

शिवपुरी।

जिले में सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण इस बार सर्पदंश की घटनाओ में इजाफा हुआ हैं। जिले में पिछले 24 घंटे में 2 मौत हुई हैं। बताया जा रहा है कि पोहरी थाना क्षेत्र में आने वाले वैसी घटाई में एक किसान और कोलारस थाने के अतंर्गत आने वाले गांव सुनाजवीरा में एक 12 वर्ष के बालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिरसौद थाना क्षेत्र में आने वाले ख्यावदा कला में निवासरत 35 वर्षीय किसान शिवदयाल धाकड़ पुत्र प्रहलाद धाकड आज दोपहर 12 बजे अपने खेत पर काम कर रहा था तभी अचानक से एक सांप आया और उसके पैर में काट लिया। बताया जा रहा है कि उसने सांप को काटते हुए देख लिया। उसने तत्काल अपने परिजनो को इस घटना की जानकारी फोन पर दी। इसके बाद वह खेत में ही बेहोश हो गया। बताया जा रहा है कि परिजन उसे सीधे अस्पताल न लाते हुए झाडफूक वालो के यहां बैराड ले गए। तत्काल चिकित्सा न मिलने के कारण शिवदयाल की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शिवदयाल को लेकर जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर भी परिजनो का मन नही भरा तो वह शिवदयाल की लाश को खुडा पर किसी जानकार के यहां ले गए उसने भी मना कर दिया,उसके बाद फिर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आए। अब बताया जा रहा है कि शिवकुमार की लाश का सुबह पीएम होगा। वही कोलारस थाना क्षेत्र में आने वाले सुनाज वीरा में भी अरूण परिहार उम्र 12 साल पुत्र राजाराम परिहार को भी सांप ने काट लिया। बताया जा रहा है कि अरूण को सांप के काटने के बाद भी परिजनो ने उसका इलाज न कराते हुए झाडफूक में लगे रहे जिससे उसकी मौत हो गई। पिछले 24 घंटे में जिले में 2 मौत सांप काटने से हुई हैं। इन दोनो ही मामलो मे परिजनो की लापरवाही सामने आई हैं। सांप के काटने के बाद इलाज न कराते हुए झाडफूक में लगे रहे। सवाल बडा बनता है कि इन दोनो की मौतो का जिम्मेदार कौन हैं वह जहरीला कीड़ा जिसने उसे काटा हैं कि वह परिजन उसे इलाज न कराते हुए झाडफूक में उलझे रहे।

### ब्राह्मण समाज ने सागर की घटना को लेकर सौंपा ज्ञापन,सीबीआई की मांग

शिवपुरी।

सागर जिले के ग्राम सेमरा लेहरिया में हुए हत्याकांड के प्रकरण में ब्राह्मण परिवार पर झूठे केस दर्ज करने व परिवार को प्रताड़ित करने के मामले की ब्राह्मण समाज ने निंदा की तथा केस की सीबीआई जॉच की मांग को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तमकांत शर्मा एवं महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती शशि शर्मा के नेत्रत्व में कलेक्ट्रेट पहुँचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायव तहसीलदार अशीष जयसवाल को सौंपा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला उपाध्यक्ष हरगोविन्द शर्मा एंव सचिव ओ.पी. पाण्डे ने बताया कि सागर जिले के नरयावली थाना क्षेत्र में ग्राम सेमरा लेहरिया के हत्याकांड प्रकरण में ब्राह्मण परिवार की ल?की के 70 प्रतिशत जलने के बाद भी ग्राम के दबंगों के दबाव में लड़की के पिता के साथ साथ तीन भाईयों पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है। जबकि घटनाक्रम का दूसरा पहलु यह भी है कि दबंगो द्वारा परिवार को प्रताणित करते हुए उनके मकानों को भी जमीदोज कर दिया गया है। शिवपुरी ब्राह्मण समाज पूरे घटनाक्रम की घोर निंदा करता है तथा पूरे प्रकरण की सीबीआई जॉच की मांग को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री से मांग करता है कि उक्त घटना में दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। ज्ञापन में प्रमुख रूप से आर.डी.शर्मा, रामस्वरूप मुदगल, कंवरलाल शर्मा, सन्तोष शर्मा, डॉ.जीपी शर्मा, सत्यनारायण पाठकए रामप्रकाश शर्मा, महेन्द्र शर्मा, राजेश विहारी पाठक, भानु शर्मा, पवन अवस्थी, राजकुमार सरैया, महावीर मुदगल, मधुसूदन तिवारी, गौरव शर्मा, वीरेन्द्र अवस्थी, ह्रदेश शर्मा आदि शामिल थे।

### हमें बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए - अभय

करैरा।

विश्व वृद्ध दिवस पर दतिया के लोकप्रिय युवा समाजसेवी युवा गहोई सेना के संस्थापक अभय गुप्ता नेताजी ने डगरई रोड स्थित भगवती वृद्धाश्रम पर पहुंच कर महिला बुजुर्गों व वृद्ध बुजुर्गों का आर्शीवाद प्राप्त किया और और अभय ने कहा कि कि जिस घर में मां बाप हंसते हैं उस घर में भगवान बसते हैं। हमें अपने आस पास रहने वाले सभी बड़े बुजुर्गों लोगों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर मानव जन कल्याण संस्था के अध्यक्ष सुख सिंह गौतम, अमित, अरविंद आदि दिव्यांग बच्चे और बुजुर्ग आदि उपस्थित रहे।

# सिद्धिविनायक अस्पताल का स्टिंग करने वाले दंपति को शिवपुरी पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

शिवपुरी।



शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंगर्गत आने वाले सिद्धि विनायक अस्पताल का बीते दिनों एक वीडियों वायरल के बाद प्रशासन की और से सिद्धिविनायक अस्पताल के आरएमओ डॉ रहीश खांन और उनकी पत्नि नर्स पूनम खान सहित सुनीता नर्स के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रशासन ने आगामी आदेश तक इस मामले में सिद्धिविनायक अस्पताल को बंद करने का आदेश जारी किया है।इस मामले में अब खबर आई है कि इस मामले का स्टिंग करने बाले दंपत्ति सौरभ गांवा और साक्षी सक्सैना निवासी नौएडा को शिवपुरी की कोतवाली पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।इस मामले में एसडीओपी अजय भार्गव ने बताया है कि इस मामले में पहले से ही एक एफआईआर दर्ज है। जिसमें जांच के दौरान पाया गया कि उक्त दंपत्ति ने ब्लैकमैलिंग की है। जिसके साक्ष्य भी पुलिस को मिले है। इसी के आधार पर पुलिस ने इसी मामले में आरोपी दंपत्ति पर धारा 389 बढाई गई है। जिसके चलते इन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

**आखिर क्या है धारा 389 ?**

भारतीय दंड संहिता की धारा 389 के अनुसार, जो भी कोई जबरन वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति को, स्वयं उसके विरुद्ध या किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध यह ऐसे अपराध (जिसकी सज़ा मर्त्यु दण्ड या आजीवन कारावास, या दस वर्ष तक कारावास है) का आरोप लगाने का भय दिखलाएगा या भय दिखलाने का प्रयत्न करेगा कि उसने ऐसा अपराध किया है, या करने का प्रयत्न किया है, तो उसे किसी एक अवधि के लिए कारावास जिसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है से दण्डित किया जाएगा, और साथ ही वह आर्थिक दण्ड के लिए भी उत्तरदायी होगा; तथा यदि वह अपराध ऐसा हो जो इस संहिता की धारा 377 के अधीन दण्डनीय है, तो उसे आजीवन कारावास से दण्डित किया जाएगा।

### रंगदारी के मामले में जेल में बंद कैदी को जहरिले कीड़े ने काटा, इलाज के दौरान मौत

शिवपुरी।



रंगदारी के केस में गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद युवक को कीड़े ने काट लिया और इलाज के दौरान बुधवार-गुरूवार की रात उसकी मौत हो गई हैं। जबकि रंगदारी के केस के बाद उसका एक साथी रासुका के तहत वापस जेल चला गया हैं। शिवपुरी पोहरी रोड पर दर्रोनी तिराहा स्थित प्लॉट पर 14 सिंतबर को जबरन कब्जा करने व रंगदारी को लेकर कोतवाली पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ केस दर्ज किया था। चारो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने सभी आरोपियो को जेल भेज दिया था। इन्ही चारो आरोपियो में जयकुमार रजक भी शामिल था। जिसे जिला जेल में किसी कीड़े ने काट लिया। जानकारी अनुसार जयकुमार रजक को इलाज के लिए किसी प्राईवेट अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन अस्पताल में उसे आराम नही मिला तो उसके बाद ग्वालियर रैफर किया गया। 5 दिन बाद इलाज के दौरान गुरूवार की रात 3֊30 बजे जयकुमार की मौत हो गई।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल



शिवपुरी।

बदरवास थाना अंतर्गत ग्राम एनवारा के पास हाइवे पर एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक पर सवार दो युवको को टक्कर मार दी। घटना में आजाद पुत्र हरिलिया आदिवासी निवासी धुवाई टेंटाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि हल्के पुत्र धुवाई टेंटाई की मौके पर ही मौत हो गई। जहाँ मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को बदरवास अस्पताल पहुंचाया लेकिन उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय शिवपुरी रैफर कर दिया गया हैं वही मृतक के शव का पीएम काराकर परिजनो को सौप दिया। जानकारी अनुसार बाइक सवार युवको की किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया और वाहन भाग खडा हुआ। चलते रहागीर मदद की बजाय फोटो खीचकर निकल रहे थे,अगर समय पर प्रशासन को सूचना देते तो शायद इन युवको को मदद मिल जाती हैं,शायद इस दुर्घटना में मृत युवक की जान बच जाती। जानकारी मिल रही हैं कि यह घायल एक्सीडेंट के बाद आधा घंटे सडक पर पडे रहे।

### नवदंपती ने एक साथ खाया जहर: गंभीर अवस्था में ग्वालियर रैफर, कुछ माह पूर्व हुई थी शादी

शिवपुरी।

पोहरी अनुविभाग के बैराड़ थाना अंतर्गत आने वाले गेंदारी गांव में निवासरत नवदंपती जोड़े ने जहर का सेवन कर लिया,बताया जा रहा हैं कि नवदंपति का आपस मे झगड़ा हुआ था इस कारण इस जोड़े ने जहर खा लिया। दोनो की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें जिला चिकित्सालय शिवपुरी से ग्वालियर रैफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार गेंदारी निवासी 23 वर्षीय महेन्द्र जाटव पूत्र मातादीन की शादी 21 वर्षीय प्रियंका से 5 माह पूर्व हुई थी, गुरूवार की शाम को महेन्द्र और उसकी पत्नि में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इस झगड़े में पति और पत्नि ने क्रोध में आकर जहर का सेवन कर लिया। जब महेन्द्र के पिता मातादीन रात 8 बजे खेत से लौटे और दरवाजा खटखटाया तो महेन्द्र ने दरवाजा खोला,लेकिन मातादीन ने देखा की उसकी बहू प्रियंका बेहाश पडी है और महेन्द्र की हालत भी खराब दिख रही थी। मातादीन ने बहू प्रियकां के बेहोश होने का कारण पूछा तो महेन्द्र ने जहर खाने की बात बता दी। आनन फानन में महेन्द्र और प्रियंका के परिजन उन्हें जिला चिकित्सालय लेकर आए लेकिन जिला अस्पताल में उनकी स्थिती लगातार गंभीर हो रही थी,इस कारण अस्पताल प्रबंधन ने पति पत्नी को ग्वालयर रैफर कर लिया। खबर लिखे जाने तक दोनो ही हालत गंभीर बताई जा रही हैं।

# महिला बाल विकास आफिस में ही पनप रहे है मचछर,प्रशासन ने चलाया था डेंगू पर प्रहार अभियान



**शिवपुरी।** शहर शिवपुरी में 14 सिंतबर से प्रशासन ने डेंगू पर प्रहार अभियान चलाया गया था,शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिए थे नगर पालिका ने इस अभियान के तहत दवाई का छिडकाव का काम भी किया था,या यू कह लो सिर्फ इस अभियान का फोटो सेशन हुआ और खबरे अखवार के दफ्तरो में प्रकाशन के लिए भेजी गई। इस खबर पर आगे चलने से पहले हम डेंगू की मप्र की बुलेटिन पर नजर डालते हैं।

**मध्यप्रदेश में जारी है डेंगू का कहर**

लोगों की जान के लिए खतरा बना हुआ है प्रदेश मे अभी तक 5000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं अन्य जिलों के साथ ही शिवपुरी का निकटतम जिला ग्वालियर भी इससे अछूता नही है यहां अभी तक 294 से अधिक मामले सामने आ चुके और बीते दिन ग्वालियर मे एक दिन मे रिकार्ड 38 मामले सामने आये।

**इस आंकडे से शिवपुरी को भी डराना चाहिए**

अब डर यह है कि अगर डेंगू शहर मे फैला तो हालात और बहुत ज्यादा खराब हो सकते हैं क्योंकि जिला अस्पताल पहले से मरीजों से भरा हुआ है यहां मौसमी बीमारीयों से पीड़ित मरीजों की संख्या इतनी अधिक है कि नये मरीजों के लिए बेड मिलना मुश्किल हो रहा है। यही हाल जिला अस्पताल के चिल्ड्रन वार्ड का है यहां तो एक वेड पर 2 से 3 बच्चों के बाद अब हालात ये हो गए कि वार्ड के बाहर वेड लगाकर बच्चों को भर्ती किया जा रहा है।

**यह है सरकारी कार्यालयो का हाल**

आपने फोटो देखा होगा यह बोलता फोटो इस डेंगू के प्रहार अभियान पर एक जोर दार तामाचा हैं। महिला बाल विकास एक ऐसा विभाग है जो कुपोंषण जैसी बीमारी से लडता हैं,कही न कही स्वास्थय विभाग का काम वह भी करता हैं,लेकिन इस विभाग के सामने गंदगी किचड का अंबार इस विभाग की कार्यप्रणाली का उजागर करता हैं। यह विभाग अपने परिसर को की साफ नही रख सकता तो यह जिले से कुपोषण कैसे साफ करेगा यह सवाल बडा हैं।

**यह फोटो खोलता है नगर पालिका की कार्यप्रणाली की पोल**

डेंगू के प्रहार अभियान में 2 विभागो की मुख्य भूमिका थी,एक नगर पालिका तो दूसरा मलेरिया विभाग। मलेरिया विभाग के कर्मचारियो को नपा को दवा उपलब्ध करना था ओर घर घर जाकर डेंगू के मच्छर के लार्वा की जांच करनी थी लेकिन ऐसा नही हुआ इस बार लार्वा का सर्वे कागजो मे दौडा हैं। वही जो स्थिती महिला बाल विकास के आफिस के परिसर की है ऐसी ही स्थिती पूरे शहर में कई स्थानो पर हैं।

**अब बात करते है नगर पालिका की**

डेंगू और मलेरिया से हम जब जंग जीत सकते हैं जब हमरा शहर साफ होगा,शहर की हालत यह है कि वह कूढे के ढेर पर बैठा है। कई बार ऐसी खबरे भी प्रकाशित हो चुकी हैं शहर की नाली आवरफ्लो होकर सडको पर वह रही है। नपा के पास सैकडो सफाईकर्मी है पर सिस्टम फैल हैं सफाई का। शहर के चारो और जलभराव हैं,अगर डेंगू शहर मे फैला तो उसे रोकने मे अगर प्रशासन पूरा अमला भी लगा देगा फिर भी इस पर काबू नही कर पायेगा क्योकि आज के समय मे अगर देखें तो सभी वार्डो मे गंदगी का अमवार लगा हुआ है जगह–जगह जल भराव हो रहा है जो डेंगू के एडीज मच्छर के पनपने के लिए पूर्णतः अनुकुल वातावरण निर्मित करता है। शहर के कृष्णपुरम,विजयपुरम,फतेहपुर सहित कई कॉलोनी की नालियों के पानी कि निकासी नही होने और कुछ लोगों द्धारा नालियों पर अतिकृमण करने से अब हालात ये हो गए हैं कि नालियों का पानी सड़कों पर जमा होने लगा है और इस ठहरे हुए पानी के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। यहां के निवासियों को डेंगू जैसी घातक बीमारियों का डर भी सताने लगा है। अब कॉलोनी वासियों कि मांग है कि कॉलोनी मे पहले से निर्मित नालियों से जल निकासी की व्यवस्था की जाए और जिन लोगों ने नालियों पर अतिकृमण कर लिया है और पानी को निकलने नही दे रहे हैं ऐसे लोगों के विरूद्ध भारी जुर्माना लगाकर कार्यवाही कि जाए।

# करणी सेना ने फूप में निकाली विशाल रैली



## सोशल मीडिया के असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

फूप। फूप नगर में श्री क्षत्रिय राजपूत करणी सेना द्वारा फोफटी माता मंदिर से लेकर थाना फूप तक एक विशाल रैली निकाली गई। जो की श्री क्षत्रिय राजपूत एकता संगठन के एव सभी समाज पदाधिकारियों के नेतृत्व में निकाली गई। रैली का आयोजन असामाजिक तत्वों द्वारा आए दिन सोशल मीडिया पर क्षत्रिय राजपूत समाज को टारगेट करके उनके ऊपर अभद्र टिप्पणी करने वालों के साथ राजपूतों के खिलाफ गाली गलौज करके सोशल मीडिया पर वीडियो बनाकर डालने वालों पर कार्यवाही करने को लेकर किया गया। जिसमें करणी सेना द्वारा फूप थाना प्रभारी अनीता गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर सोशल मीडिया पर इस तरह की असामाजिक गतिविधियां करके माहौल खराब करने वाले लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की गई। वहीं फूप थाना प्रभारी अनीता गुर्जर द्वारा सोशल मीडिया पर इस तरह की सामाजिक गतिविधियां करने वाले लोगों के खिलाफ 5 दिन मैं जांच करा कर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई। जिसके बाद करणी सेना द्वारा 5 दिन के अंदर कार्रवाई ना होने पर उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

## जनकल्याण एवं स्वराज अभियान बैंक लिकेंज ऋण वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



भिण्ड । गरीब अति गरीब परिवारों के लिये आजीविका मिशन बहुत बडा मंच हैं, जिसके माध्यम से गरीब परिवार स्व सहायता समूह से जुडकर अपनी आर्थिक, सामाजिक एवं नेतृत्व करने की क्षमता में बढोतरी कर रही है, जिसका उदाहरण आज जिला पंचायत सभागार में उपस्थित समूह की दीदियों से नजर आ रहा है। दीदियां सेनेटरी नेपकिन, आजीविका वॉशिंग पाउडर, मसाले इत्यादि गतिविधियां कर अपने व अपने परिवार की आजीविका चलाने में भागीदारी कर रही हैं। इस कार्य को और बेहतर करने के लिये आजीविका मिशन द्वारा आजीविका फण्ड राषि 75 लाख एवं बैंक द्वारा वित्तीय सहायता राशि 01 करोड 45 लाख प्राप्त कराई जा रही है। मेरा सभी दीदियों से अनुरोध है, कि समूह को जो भी राशि प्राप्त हो रही है, उसे कोई गतिविधि करने में ही उपयोग करें, जिससे आपकी आय बढेगी। ये बात सांसद श्रीमती संध्या राय द्वारा मान. मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम जनकल्याण एवं स्वराज अभियान बैंक लिकेंज ऋण वितरण कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस. द्वारा समूह की महिलाओं द्वारा बनाऐ जा रहे उत्पाद की सराहना करते हुए अच्छे उत्पाद बनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं भूमिका जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा बताई गई। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर वरूण अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य कु. अंशु अरेले एवं लीड बैंक मैनेजर सुशील कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आजीविका मिशन टीम एवं बैंक सखियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जयवीर सिंह कुशवाह एवं आभार शैलेन्द्र कुमार समुद्रे द्वारा किया गया।

# पूर्व मंत्री ने मृतक परिजनों को 10 लाख रुपए की आर्थिक, सहायता की रखी मांग

## भिण्ड-ग्वालियर मार्ग सिक्स लाइन बनाया जाए



भिण्ड। मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व गृह एवं सहकारिता मंत्री लहार विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह मृतक परिजनों से और घायलों को देखने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद पहुंचे सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है कि भिंड ग्वालियर मार्ग गोहद चौराहा पर हुए बस कंटेनर एक्सीडेंट में सात मृतक परिजनों को 4 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना कोई एहसान नहीं किया है। मध्य प्रदेश मध्यप्रदेश शासन की आरबीसी 6-4 के तहत यह नियम कानून है जिला प्रशासन तत्काल 4 लाख तक का मुआवजा देने का प्रावधान है। डॉ सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री को चाहिए मृतक परिजनों को तत्काल10/ 10 लाख रुपए की पृथक से सहायता राशि उपलब्ध कराएं और 2 दर्जन से अधिक घायलों को उच्च स्तरीय उपचार कराने के निर्देश दें। डॉ. सिंह ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भिंड जिले में राजस्व विभाग और पुलिस पत्थर खदानों की सुरक्षा में लगी है रेत गिट्टी पत्थर में माफिया का सहयोग कर रही है ना कि आम लोगों की सुरक्षा लगातार जिले में हो रही मौतें आए दिन डंफर कंटेनर आम आदमी को रोंधते हुए निकल रहे हैं जिले में कानून व्यवस्था चरमरा गई है जिस पर तत्काल अंकुश लगाएं साथ ही उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि भिंड ग्वालियर मार्ग पर अत्यधिक वाहनों का दबाव है इसलिए मार्ग का विस्तार किया जाना अति आवश्यक है तत्काल इस ओर सरकार को काम करना चाहिए।

# वृद्ध समाज की अनुपम धरोहर इनकी सेवा ईश्वर तुल्य : एडीएम



भिण्ड । वृद्ध समाज की अनुपम धरोहर है इनकी सेवा ईश्वर की सेवा जैसी है क्योंकि यह बो धरोहर है जिन्होंने अपनी कीमत समय इस देश की सेवा में दिया है वह सेवा किसी भी रूप में हो सकती है उक्त बात अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने कहीं। वे अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्ध आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे

इस अवसर पर एडीजे सुनील दंडोतिया, समरेश शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिव प्रताप सिंह भदौरिया, आनंदम जिला संपर्क एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षण संजय सिंह, जिला योग प्रभारी अतुल त्रिपाठी, वरिष्ठ आनंदक जितेंद्र बोहरे, आनंदम सदस्य राहुल राजपूत, अनिल माजी, चरण सिंह सहित नवजीवन सहायता संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे। निराश्रित भवन परिसर में कार्यक्रम में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे ने कहा कि वैसे तो वृद्ध सदैव से पूजनीय है अतः हमें इनकी सेवा करनी चाहिए। एडीजे सुनील दंडोतिया ने कहा कि पिछले वर्ष कोरोना के दौरान जहां जब आया था तब स्थिति प्रतिकूल थी लेकिन आप जैसे समाजसेवियों और सेवा भाव के चलते आज स्थिति बदल गई है इस सेवा कार्य के लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। जिला समन्वयक जन अभियान परिषद से प्रताप सिंह ने कहा कि जो परिवार वृद्धों का सम्मान नहीं करते हैं उनका भविष्य अंधकार होता है। आनंदम जिला संपर्क एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल प्रशिक्षक संजय सिंह ने कहा कि वृद्धों की सेवा आज के समय सबसे बड़ी सेवा है जीवन का आनंद भी इसी में है और आनंद का मूलमंत्र यही है। इस अवसर पर नवजीवन सहायता संगठन की नितेश जैन सहित अन्य समाजसेवियों ने भी अपने विचार रखे इस अवसर पर वृद्ध जनों को शाल श्रीफल के साथ आगामी मौसम को देखते हुए अपर कलेक्टर के द्वारा कंबल व कमंडल सहित दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित की गई तथा जिला चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया स्वास्थ्य शिविर डॉ प्रभात उपाध्याय डॉ पंकज जेसवानी के द्वारा निरीक्षण किया गया एवं निराश्रित भवन के परिसर में वृद्धजन दिवस के अवसर पर अन्य समाज सेवी भी उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रक्रिया 30 तक

भिण्ड । प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय बिरखडी (रौन) में सत्र 2022-23 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु केवल ऑनलाईन माध्यम से 23 सितम्बर 2021 से 30 नवम्बर 2021 तक आवेदन कर सकते है। कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र इस परीक्षा में भाग ले सकते है। प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल 2022 को कराई जाएगी।

## महात्मा गांधी जयंती पर खादी एवं ग्राम उद्योग उत्पादो की प्रदर्शनी

**यह प्रदर्शनी 11 अक्टूबर तक रहेगी संचालित**

भिण्ड । म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर 2021 से 11 अक्टूबर 2021 तक जिला पंचायत भिण्ड के शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर खादी एवं ग्राम उद्योग उत्पादो की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जेके जैन ने बताया कि 2 अक्टूबर 2021 से 11 अक्टूबर 2021 तक जिला पंचायत भिण्ड के शॉपिंग कॉम्पलेक्स पर लगने वाली खादी एवं ग्राम उद्योग उत्पादो की प्रदर्शनी में शासन द्वारा घोषित विषेष छूट का लाभ उठाये।

## अप्रेन्टिसशिप मेला 4 अक्टूबर को आईटीआई भिण्ड में

भिण्ड । प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिण्ड ने बताया कि एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप मेला 4 अक्टूबर 2021 को प्रातः10 बजे से आयोजित किया जाएगा। जिसमें टेवा, एपीआइ प्रायवेट लिमि., सूर्या रोशनी, एक्जोनोवल, गोदरेज, एसआरएफ, सूर्या हाई मस्ट, क्रोप्टन ग्रीब्ज मालनपुर की कपंनी भर्ती हेतु आएगी। आवेदक आईटीआइ उत्तीर्ण, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, केमेकिल आपरेटर, कोपा शामिल हो सकते है। अपेटिस एक्ट 1961 के अन्तर्गत यदि मेले में भाग लेना चाहते है तो आयोजन के दिन उक्त स्थान पर अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं बायोडाटा सहित दिनांक 4 अक्टूबर 2021 को प्रातः10 बजे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लहार रोड भिण्ड पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। आने जाने का किसी भी प्रकार के यात्रा भत्ता का भुगतान नहीं होगा।

## मुख्यमंत्री ने जिले में हुई सड़क दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया

भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भिण्ड जिले में बस और डम्पर के बीच हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिवार के प्रति शोक संवेदनाएँ व्यक्त कर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मृत व्यक्तियों के परिजन को 4-4 लाख रूपए एवं घायल व्यक्तियों को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता देने एवं दुर्घटना की जाँच कराये जाने के आदेश दिए हैं।

# जिला अस्पताल में रक्त की कमी से होती थी प्रति वर्ष 12 से 15 मौतें

**भिण्ड।**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मानें तो रक्त की कमी के कारण वर्ष 2010 से 2014 तक आधा सैकड़ा से ज्यादा लोगों की मौत हुई। औसतन 12 से 15 लोग प्रति वर्ष रक्त की कमी के कारण जान गवां रहे थे। ऐसे में जीवनदायक बनकर उभरे रक्तदान करने वाले ये संगठन सचमुच लोगों के लिए वरदान साबित हुए हैं। लोगों की जान बचाने का जुनून ऐसा कि खुद की शादी के दिन भी देने पहुंच गए ब्लड नवजीवन सहायतार्थ संगठन के सदस्य शक्ति सिंह कुशवाह निवासी वाटरवर्क्स भिण्ड दूल्हा बन रहे थे। बारात रवाना होने जा रही थी तभी संगठन से कॉल आया कि एक मरीज को बी पोजिटिव ब्लड ग्रुप की आवश्यकता है। तो शादी के माहौल से निकलकर तत्काल शक्ति सिंह जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने हादसे में घायल मरीज को ब्लड दिया और उसके बाद उनकी बारात रवाना हो सकी। निश्वार्थभाव से लोग जुड़े हैं प्रत्येक सदस्य को आत्मीय सुकून और लोगों की दुआएं मिल रहीं हैं। अच्छे कार्य के लिए हमारा कुनबा बढ़ता जा रहा है।

# सर्पदंश से बालिका की मौत

भिण्ड। गोहद थानाक्षेत्र के हबीपुरा गांव निवासी कुमारी दामिनी पुत्री दयानन्द जाटव उम्र 10 वर्ष की साँप के काटने से म्रत्यु हो गई। बालिका अपने घर पर थी तभी यह घटना घटित हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# मरीजों को जिला अस्पताल में न हो कोई परेशानी, करें हर सम्भव मदद: डॉ रमेश दुबे

## डॉ दुबे ने बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए तुरन्त तैयार करवाया नया 20 बिस्तरीय वार्ड



भिण्ड। जिला अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख्या एवं मरीजों को आ रही समस्याओं की सूचना पर जिले के भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे अपने साथियों के साथ चिकित्सीय व्यवस्थाओं के निरीक्षण के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ दुबे ने जिला अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया और वहां की सुविधाओं और स्वच्छता के बारे में भर्ती हुए मरीजों से जानकारी ली, उन्होंने मरीजों से जाना कि उन्हें समय पर भोजन, दवाइयां समय पर मिल रही हैं या नहीं एवं चिकित्सीय स्टाफ का व्यवहार एवं उनके इलाज से संतुष्टि मिल रही है या नहीं , जिस पर मरीजों ने बताया कि जिला अस्पताल में भोजन एवं दवाइयों की समस्या नहीं है, लेकिन चुनिंदा चिकित्सा स्टाफ के व्यवहार से संतुष्टि नहीं है, इस पर डॉ दुबे ने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन से मुखातिब होते हुए कहा कि नर्सिंग स्टाफ के व्यवहार को सुधारने के लिए समय समय पर काउंसलिंग करवाने के लिए कहा। डॉ दुबे ने मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन से कहा कि मरीजों की संख्या बहुत बढ़ रही है, मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप की वजह से ये संख्या आगामी समय मे और बढ़ने की संभावना है, ऐसे में मरीजों के लिए बिस्तरों की नितांत आवश्यकता होगी। इसलिए तात्कालिक उपाय करिये और इसी के साथ उन्होंने बिस्तरों को बढ़ाने के लिए जगह का चयन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ उचित स्थान तलाशा, तत्पश्चात आई वार्ड में तुरन्त 20 बिस्तरों की व्यवस्था करवाई और 20 बिस्तरों का नया वार्ड तैयार करवाया। डॉ रमेश दुबे ने सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन से कहा कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को किसी भी प्रकार की समस्या या परेशानी नहीं आनी चाहिए, अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए आप सभी के प्रयास बहुत सराहनीय हैं लेकिन अब और गम्भीरता दिखाने की आवश्यकता है,प्रदेश की शिवराज सरकार जनहितैषी सरकार है, सरकार का एक ही लक्ष्य है जनसेवा, जिसे आप सभी मूर्तरूप देने में सहयोग करें, चिकित्सा विभाग से जो भी मदद होगी उसकी व्यवस्था स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करके कराएंगे। इस अवसर पर डॉ अजीत मिश्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ अनिल गोयल सिविल सर्जन,डॉ देवेश शर्मा,डॉ प्रभात उपाध्याय, स्टाफ नर्स सुनहरी, राम दास सोनी एडवोकेट, शिवप्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, राधा मोहन चौबे, उदय सिंह यादव, भूरे गुबरेले सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## चिकित्सा मुफ्त तो शिक्षा क्यों नहीं ?

पंजाब में कांग्रेस की उथल-पुथल पूरे देश का ध्यान खींच रही है। लेकिन वहीं से एक ऐसा बयान भी आया है, जिस पर नेताओं और नौकरशाहों को तुरंत ध्यान देना चाहिए। वह बयान है- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का। केजरीवाल आजकल अपनी आप पार्टी का चुनाव अभियान चलाने के लिए पंजाब की यात्रा पर हैं। वे अपने भाषणों में कांग्रेस और भाजपा की टांग खिंचाई करते हैं, जो स्वाभाविक है लेकिन वहाँ उन्होंने एक गजब की बात भी कह दी है, जिसकी वकालत मैं अपने भाषणों और लेखों में वर्षों से करता रहा हूँ। मेरा निवेदन यह है कि जब तक कोई राष्ट्र अपनी शिक्षा और चिकित्सा को सबल नहीं बनाएगा, वह निर्बल हुआ प?ा रहेगा। भारत की लगभग सभी सरकारों ने इन दोनों क्षेत्रों में थो?-बहुत सुधार की कोशिश जरुर की है लेकिन ये दोनों क्षेत्र यदि बलवान हो जाएं तो भारत को महासंपन्न और महाशक्ति बनने से कोई रोक नहीं सकता। अरविंद केजरीवाल ने इस दिशा में पहले दिल्ली में कदम ब?ाया और अब यही काम ब? पैमाने पर पंजाब में करने की घोषणा उन्होंने की है। उन्होंने कहा है कि पंजाब के हर गांव में एक अस्पताल खुलेगा। सबका इला? मुफ्त होगा। जाँच मुफ्त होगी। हर आदमी का इलाज-पत्र बनेगा ताकि उसमें उसकी सारी बिमारियों और इलाजों का ब्यौरा रहेगा। जिन नागरिकों की शल्य-चिकित्सा होगी, वह 15 लाख रु. तक मुफ्त होगी। विरोधी दल कह सकते हैं कि केजरीवाल ने यह चुनावी फिसलपट्टी ख?ी कर दी है ताकि इस लालच में वोट फिसलते चले आएं। मैं पूछता हूं कि आपको किसने रोका है? आप भी ऐसी घोषणा क्यों नहीं कर देते? कोई हारे, कोई जीते, जनता का तो भला ही होगा। यह सबको पता है कि इला? के नाम पर भारत में आजकल कितनी जबर्दस्त ठगी होती है। यह खुशी की बात है कि राजस्थान के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने का बी?ा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उठाया है और प्रधानमंत्री ने भी उनका समर्थन किया है लेकिन इन मेडिकल कॉलेजों में हिंदी में प?ाई कब शुरु होगी? कौन माई का लाल यह हिम्मत करेगा? पिछले सात वर्षों में हमारे दो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रियों ने स्वभाषा में मेडिकल की प?ाई शुरु करवाने का वायदा मुझसे कई बार किया लेकिन वह आज तक शुरु नहीं हुई। ऐलोपेथी अब भी जादू-टोना बनी हुई है, अंग्रेजी के कारण। इसी कारण ग्रामीणों और गरीबों के बच्चे डाक्टर नहीं बन पाते। ठगी का भी कारण यही है। यदि डॉक्टरी की प?ाई हिंदी में शुरु हो जाए और ऐलोपेथी, आयुपेथी, होमियोपेथी और यूनानीपेथी की संयुक्त प?ाई हो तो यह भारत का ही नहीं, दुनिया का नया चमत्कार होगा और ठगी भी खत्म होगी। अमेरिका ने द्वितीय महायुद्ध के बाद अपने शिक्षा और चिकित्सा के बजट में जबर्दस्त ब?ोतरी की थी। उसने यूरोप को पीछे छो? दिया और वह आज दुनिया के सबसे अधिक संपन्न और शक्तिशाली राष्ट्र बन गया है। शिक्षा मन को मजबूत करेगी और चिकित्सा तन को! तब धन तो अपने आप बरसेगा।

# गांधी और उनके राम अनंत काल तक जीवंत रहेंगे

**भूपेन्द्र गुप्ता**

महापुरुषों का जीवन खतरों के बीच से निकलता हुआ ही पुरुषार्थ की दुनिया में अपना नाम रोशन करता है। लाखों लोगों के दुख दर्द को आत्मसात करते और समाधान का रास्ता बनाते हुए जो दर्शन प्राप्त होता है वह उनके जीवन पर खतरों की तरह मंडराता रहता है। स्वार्थियों की घृणा, उनका विद्वेष हमेशा ही ऐसे महापुरुषों से चुनौती महसूस करता है ।महात्मा गांधी जिन्हें आगे चलकर राष्ट्रपिता कहा गया, भी अपवाद नहीं थे। उनके जीवन पर खतरे केवल दम्भी गोरों के ही नहीं थे, बल्कि कट्टरवादी हिंदूओं के भी थे। वे लोग उनके उदारवादी अहिंसक दर्शन को नफरत की नजर से देखते थे। ये लोग खतरनाक इरादों के साथ गांधी पर हमला करने की ताक में रहते थे।

जनवरी 1896 में छः महीने की भारत यात्रा के बाद जब गांधीजी अफ्रीका लौटे तो अंग्रेजों ने अफवाह फैलायी ।इसे तो? मरो?कर नेटाल के अखबारों ने छापा ।लिखा कि गांधीजी अपने साथ सैक?ों भारतीयों को दो जहाजों में गोरों का मुकाबला करने के लिये आफ्रीका ला रहे हैं।इस अफवाह को फैलाने के पीछे नटाल के कार्यकारी प्रधानमंत्री अटार्नी जनरल एसक्रोब का हाथ था। वह भारतीयों से नफरत करता था।इसीलिए उसने अफवाह फैलाने वालों का सहयोग किया। भारतीयों के कारण शहर में प्लेग फैल जाएगा, इस अफवाह के साथ उन जहाजों में आए भारतीय यात्रियों को जहाज से उतरने की अनुमति नहीं दी गई ।जबकि जहाज में सवार लोग अफ्रीका के ही वैध नागरिक थे जो अपने घरों को लौट रहे थे ।लेकिन लगभग चार सप्ताह तक उत्तेजित भीड़ ने जहाजों को घेर रखा था कड़कड़ाती ठंड में भी सारे लोग जहाज में बैठे रहे। छब्बीस- दिन बाद जब एसक्राब को लगा कि हालात उसके काबू में नहीं रहेंगे तो उसने गांधी से रात के अंधेरे में जहाज से उतरने के लिए आग्रह किया और कहा कि आपकी जान को खतरा है। किंतु गांधी ने कहा कि मेरा कोई दुश्मन नहीं है और मैं दिन के उजाले में जहाज से उतरूंगा। वे उजाले में ही जहाज से उतरे ।लोगों ने उन्हें पहचाना और गांधी जी और उनके साथियों पर पत्थर बरसने शुरू हो गए ।संकट की इस घड़ी में रिक्शावाला जिसमें सवार गांधी पर हमला हुआ, उत्तेजित भीड़ देख कर भाग गया ।इस भगद? में गांधीजी साथियों से बिछड़ गए और गोरों की भीड़ उन पर टूट पड़ी। गांधीजी बेहोश हो गए गांधी पर यह हमला अफवाह और उकसाये गए माब लिंचिंग करने वाले समूह का हमला था। लेकिन गांधी इस लिंचिंग के बावजूद बच गए।उनके सहयोगियों ने उनसे पूछा कि उन्होने उजाले में उतरने का खतरा क्यों उठाया ।तब गांधी ने कहा कि मेरी मां और घर की एक सेविका ने उन्हें कहा था कि विपत्ति में राम का स्मरण सब कष्टों को दूर करता है।तबसे वे मानते थे कि जिस प्रभु राम ने उन्हें सत्कार्य करने की प्रेरणा दी वही रक्षा भी करेगा। आज भी समाज में सत्य की चर्चा करने पर माब लिंचिंग का भय नागरिकों के दिमाग में कौंधता रहता है।

मृत्यू से गांधी का यह पहला सामना था जहां निर्भीक गांधी ने मौत से भयभीत होने से इंकार कर दिया।

आगे जब भारत में उनकी हत्या के जो छः प्रयास हुये,जिनमें से पांच असफल हुए। हिंसा और अपराध अपने औचित्य को सिद्ध करने के लिये अधीर तो होते हैं किंतु अहिंसा शांति और प्रेम उसे बार बार गलत सिद्ध कर देती है।

भारत में गांधी पर पहला हमला 1934 में पूना में हुआ। पुणे नगर पालिका में उनका सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। समारोह में आते समय उनकी गाड़ी पर बम फेंका गया। नगर पालिका के मुख्य अधिकारी, पुलिस के दो जवान, और सात अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हत्या की साजिश करने वाले लोग इसलिए चूक गए क्योंकि गांधीजी उस कार में सवार नहीं थे जिस पर बम फेंका गया बम फेंकने वाला व्यक्ति और कोई नहीं आप्टे था।

दूसरा हमला 1944 में हुआ जब गांधी जी पुणे के निकट पंचगनी गए थे ।वहां कट्टर हिंदुत्ववादियों ने शौर्य प्रदर्शन कर नारेबाजी की और 22 जुलाई को एक युवक मौका देख कर गांधी की तरफ छुरा लेकर झपटा किंतु भिलारे गुरु जी ने उस युवक को काबू में ले लिया। वह युवक और कोई नहीं नाथूराम गोडसे था।

1944 में ही पंचगनी की विफलता के बाद तीसरी कोशिश सेवाग्राम आश्रम में वर्धा में की गई। गांधीजी अपने काम में निमग्न थे विभाजन की बातें हवा में थीं। जिन्ना देश को सांप्रदायिक रंग देने में जुटा था। सांप्रदायिक हिंदू भी पीछे नहीं थे। गांधी जी ने मुंबई जाकर जिन्ना से बात करने का एलान किया,तो उन्हें रोकने का प्रयास हुआ।भी? में गिरफ्तार एक युवक ग.ल. थत्ते के पास से एक बड़ा छुरा बरामद हुआ।

चौथी कोशिश 1946 में हुई जब हत्यारों की टोली ने यह तय किया कि गांधी को मारने के लिये अगर कुछ दूसरे निर्दोष लोग भी मरें तो कोई बात नहीं ।तब 30 जून 46 को गांधी जिस ट्रेन में मुंबई से पुणे जा रहे थे ।वहां पर ट्रेन पलटने की कोशिश की गई किंतु सावधान ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर इस दुर्घटना को बचा लिया। इस दुर्घटना के बाद गांधी ने कहा था कि मैं 125 साल जीने की आशा रखता हूं ।तब पुणे से निकलने वाले एक अखबार हिंदू राष्ट्र ने लिखा था कि लेकिन आपको इतने साल जीने कौन देगा? उस अखबार का संपादक कोई और नहीं नाथूराम गोडसे था ।

1948 में पांचवी कोशिश हुई ष?यंत्रों और योजनाओं के दौर चलते रहे। गांधी जी ने जब कहा कि वे दिल्ली छोड़कर नहीं जाएंगे । वे बिरला भवन में ठहरे हुए थे और रोज की तरह उनकी प्रार्थना सभाएं चलती थी तब 20 जनवरी की शाम को भी प्रार्थना सभा पर बम फेंका गया ।बम फेकने वाला मदनलाल पाहवा शरणार्थी था ।निशाना चूक जाने से गांधीजी बच गए ।

छठवीं कोशिश 30 जनवरी 1948 को हुई उसी जगह मदनलाल पाहवा जहां असफल हुआ था गोडसे 10 दिन बाद वहीं सफल हुआ और उसने राष्ट्रपिता के सीने में 3 गोलियां उतार दीं। गांधी की हत्या को लेकर कई तर्क और कहानियां रची गईं। कहा गया कि गांधीजी ?55 करो? पाकिस्तान को देना चाहते थे इसलिए यह हत्या की गई ।यह तर्क अपराध के बाद औचित्य सिद्ध करने रचा गया प्रतीत होता है ।क्योंकि अगर यह सच होता है, तो 1934 में गांधी जी की हत्या का प्रयास क्यों हुआ और उसी टोली ने क्यों किया। अगर यह तर्क सच है तो 1944 में यह प्रयास क्यों हुआ तब तो ना देश की आजादी की कोई सूरत थी और ना ही बंटवारे की त्रासदी तब भी आप्टे, नाथूराम गोडसेऔर थत्ते के जहरीले चाकू गांधी की छाती की तरफ ताक रहे थे। महापुरुष के जीवन में ऐसे ही अवसर आते हैं जब अनुदारवादी जमात उदारवाद की हत्या करती हैं ।वे अनलहक कहने वाले मंसूर को फांसी पर चढ़ा देते हैं वे प्रेम और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले यीशु को सूली पर लटका देते हैं वे ही बुद्ध की शिक्षाओं को हिंसा से कुचलते हैं। हिंसा इस बात की घोषणा है कि उत्तर समाप्त हो चुके हैं। गांधी की हत्या के बाद जो अनुत्तरित प्रश्न है, हत्यारों की मानसिकता आज भी उनके उत्तर ढूंढ रही है। अपने अपराध का औचित्य सिद्ध करने के लिए नई-नई कहानियां ग?ती रही है, लेकिन गांधी की अहिंसा उनकी गहन शांति और उनका गहना प्रभु %राम% आज भी जीवंत हैं और अनंतकाल तक जीवंत रहेंगे।

## उत्सव है बुद्धत्व

बुद्धत्व मौलिक रूप से प्रांति है, विद्रोह है, बगावत है। काशी के पंडितों की सभा प्रमाणपत्र थोड़े ही देगी बुद्ध को! बुद्धपुरुष तुम्हें पोप की पदवियों पर नहीं मिलेंगे और न शंकराचायरें की पदवियों पर मिलेंगे। क्योंकि ये तो परंपराएं हैं। और परंपरा में जो आदमी सफल होता है, वह मुर्दा हो तो ही सफल हो पाता है। परंपरा के द्वारा पद पाना सिर्फ मुर्दों के भाग्य में हैं, जीवंत लोगों के नहीं। यह सौभाग्य है जीवितों का और मुर्दों का दुर्भाग्य! इसलिए तुम कैसे पहचानोगे? और पूरी पहचान का तुम विचार ही मत करना। क्योंकि तुम पूरा पहचानोगे तो तुम बुद्ध हो जाओगे और तुम बुद्ध होते तो पहचानने की जरूरत न थी। तुम नहीं हो, इसीलिए तो पहचानने चले हो। इसलिए पूरे-पूरे का खयाल मत करना। छोटा सा टुकड़ा चांदनी का तैर आए तुम्हारे पास, तो बहुत धन्यभाग! अहोभाग! तुम उतने ही पर भरोसा करना। उस चांदनी के टुकड़े को पकड़ कर अगर बढ़ते रहे, चलते रहे, तो किसी दिन पूरे चांद के भी मालिक हो जाओगे। किसी दिन पूरा आकाश भी तुम्हारा हो जाएगा। तुम्हारा है; लेकिन अभी तुम्हें पहुंचना नहीं आया, चलना नहीं आया। अभी तुम घुटने के बल चलते हुए छोटे बच्चे की भांति हो। अभी तुम्हें चलने का अभ्यास करना है। तो संत उदास नहीं होंगे। बुद्धपुरुष उदास नहीं होंगे। जिनको तुम देखते हो मंदिरों-मस्जिदों में बैठे गुरु-गंभीर लोग, लंबे चेहरों वाले लोग, बुद्धपुरुष वैसे नहीं होंगे। बुद्धपुरुष तो उत्सव है। बुद्धपुरुष तो ऐसा है जिसमें अस्तित्व के कमल खिल गए। बुद्धपुरुष गंभीर नहीं। बुद्धपुरुष के पास तो मृदुहास मिलेगा। हल्की-हल्की हंसी। एक मुस्कुराहट। एक स्मित। एक उत्सव। एक आनंदभाव।

## चीन की मंशा

**सिद्धार्थ शंकर**

मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की घुसपैठ के बाद भारत और चीन के बीच पैदा हुआ तनाव अभी खत्म नहीं हुआ है। बीते दिनों भारत के दबाव के बाद चीन अपनी सेना पीछे हटाने को राजी हो गया था, मगर उसकी मंशा पर भारत को हमेशा संदेह रहा। अब यह संदेह सच में बदल गया है। पूर्वी लद्दाख में चीन भारत से लगने वाली अपनी सीमा के नजदीक आधारभूत ढांचे के विकास की गति तेज किए हुए है। चीन की इस तरह की हरकतों से साफ है कि सीमा विवाद को लेकर वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक तरफ वह बातचीत से विवाद सुलझाने की बात करता है दूसरी तरफ घुसपैठ करना नहीं छोड़ रहा है। ताजा घटना उत्तराखंड के बाराहोती सेक्टर से लगे बॉर्डर की है, जहां चीन के 100 सैनिकों ने पिछले महीने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल क्रॉस की थी। चीनी सैनिकों ने 30 अगस्त को घुसपैठ की थी और 3 घंटे वहां रहने के बाद लौट गए। इसका जवाब देते हुए भारतीय जवानों ने भी पेट्रोलिंग की थी। घोड़ों पर आए चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसकर तोडफ़ोड़ की और लौटने से पहले एक पुल भी तोड़ दिया। बता दें बाराहोती वही इलाका है जिसमें चीन ने 1962 की जंग से पहले भी घुसपैठ की थी। पिछले हफ्ते ही यह रिपोर्ट सामने आई थी कि चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी के पास करीब 8 लोकेशन पर अस्थायी टेंट जैसी रहने की व्यवस्था की है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने उत्तरी इलाके में काराकोरम पास के करीब वहाब जिल्गा से लेकर पीयु, हॉट स्प्रिंग्स, चांग ला, ताशिगॉन्ग, मान्जा और चुरुप तक शेल्टर बनाए हैं। यहां हर लोकेशन पर सात क्लस्टर्स में 80 से 84 तक कंटेनर्स बनाए गए हैं। पिछले दिनों



डोकलाम के बाद लद्दाख में चीन को मात खानी पड़ी तो भारत के इसी दृढ़ इरादे के कारण कि उसकी दादागीरी को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लेह दौरा देश के इसी दृढ़ इरादे को रेखांकित करने वाला था। यह उल्लेखनीय है कि डोकलाम के मुकाबले लद्दाख में चीन को कहीं जल्द समझ आ गया कि भारत से उलझना महंगा पड़ेगा। चीनी सेना लद्दाख से जिस तरह पीछे हटने को बाध्य हुई उससे दुनिया को यही संदेश गया कि चीन से आंखों में आंखें डालकर बात करने की जरूरत है। चीन के खिलाफ यह जो संदेश गया, उससे विश्व समुदाय में भारत की अहमियत तो बढ़ेगी ही, चीन की हरकतों से परेशान देशों का मनोबल भी बढ़ेगा। यह तो साफ हो गया है कि चीन अभी तक चीन सीमा विवाद सुलझाने का नाटक ही करता आ रहा है। भारत को इस नाटकबाजी पर पर्दा डालने के लिए सक्रिय होना होगा। इसी के साथ भारतीय सेना को चीन से लगती सीमा पर और अधिक सतर्कता भी बरतनी होगी। उसकी ओर से मित्रता, सहयोग और शांति की बातें करने के बाद भी उस पर यकीन नहीं किया जा सकता। चूंकि चीन भरोसे के काबिल नहीं रहा इसलिए उस पर आर्थिक निर्भरता कम करने का अभियान प्राथमिकता में बने रहना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को धता बताने और अपनी खतरनाक विस्तारवादी प्रवृत्ति बरकरार रखने वाले चीन सरीखे देश पर आर्थिक निर्भरता जितनी जल्द खत्म हो उतना ही अच्छा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना केवल इसीलिए आवश्यक नहीं है कि अहंकारी चीन की चुनौतियों का जवाब देना है, बल्कि इसलिए भी है, क्योंकि उससे ही हम अपनी तमाम आंतरिक समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे। वास्तव में आर्थिक रूप से सबल भारत ही विश्व समुदाय में अपनी सही पहचान स्थापित करने में समर्थ होगा। चीन ने लद्दाख में जो संकट खड़ा किया उसका सबसे बड़ा सबक यही है कि किसी भी मामले में हम उसके मोहताज न रहें और उसकी संवेदनशीलता की चिंता तभी करें जब वह हमारे हितों की परवाह करे। सरकार और साथ ही कारोबार जगत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पहले कोरोना के कहर और फिर लद्दाख में टकराव के चलते चीन पर आर्थिक निर्भरता खत्म करने को लेकर जो कदम उठाने शुरू किए गए थे, वे शिथिल न पडने़ पाएं।

# क्या यही है गांधी जी का भारत?

### सूडोकु नवताल- 5850

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5849 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

**सुरेश हिंदुस्तानी**

भारत के बारे हमारे देश के महापुरुषों की स्पष्ट कल्पना थी। भारत की जड़ों से बहुत गहरे तक जुड़े हुए थे। आज भारत का जो स्वरूप हमारी आंखों के सामने है, वह भारत के महापुरूषों की मान्यताओं के अनरूप नहीं कहा जा सकता। आज जो बुराई दिखाई देती है, वह अंग्रेजी मानसिकता को अपनाने वाले कुछ लोगों की देन है। ऐसे में सवाल यह भी आता है कि इन लोगों को भारतीय जीवन मूल्यों के बारे में या तो पता नहीं था या फिर जानते हुए भी उसे पुनर्स्थापित नहीं करना चाहते थे।भारत को स्वतंत्रता मिलने के पश्चात इस बात पर गहन चिंतन किया गया कि अब कैसा भारत बनाना चाहिए। महात्मा गांधी की इस बारे में स्पष्ट कल्पना थी। वे कहते थे कि मैं एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहता हूँ जिसमें शराब जैसी बुराई का नामोनिशान न हो, जहां समाज में भेदभाव न हो, गौहत्या पाप हो और रामराज्य स्थापित हो। गांधी जी की दृष्टि में भविष्य के भारत की बुनियाद में पुरातन और सांस्कृतिक मानबिन्दुओं का समावेश था। वे जानते थे कि इसके बिना भारत नहीं, क्योंकि भारत का आधार ही राम है।भारत महात्मा गांधी के इन विचारों को हमारे राजनीतिक दल आत्मसात करने में संकोच कर रहे हैं। कहीं न कहीं इन बातों को एक सांप्रदायिक बताने का खेल भी चल रहा है, लेकिन ऐसा करने में वे भूल जाते हैं कि भारत में रामराज्य की संकल्पना स्वतंत्रता मिलने के बाद की नहीं है और न ही यह केवल महात्मा गांधी का ही विचार है, बल्कि महात्मा गांधी ने उसी बात को आगे बढ़ाने का



प्रयास किया, जो भारत में सनातन काल से चल रहा है। भारत के मनीषियों ने जो सांस्कृतिक मूल्य स्थापित किए थे, गांधी जी ने उनका हृदय से अनुगमन किया और आत्मसात किया। इसीलिए वे भारत में इसके स्थापन का प्रयास करते दिखाई दिए।महात्मा गांधी ने अप्रत्यक्ष रूप से अंग्रेजों की उस नीति का भी विरोध किया, जो समाज में विभाजन की रेखा खींचती थी। इसलिए वे समाज में भाईचारे के भाव का विस्तार चाहते थे। महात्मा गांधी जैसा चाहते थे, उन्हें वैसा दृश्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों में दिखाई दिया। इसलिए वे अपने जीवन के अंतिम दिनों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नजदीक आते जा रहे थे। उन्होंने संघ के वर्धा शिविर में भाग लिया। वहां उन्होंने भेदभाव रहित समाज का दर्शन किया, जो उस समय उनकी कल्पना में अपेक्षित था। गांधी जी जानते थे कि सामाजिक एकता इस देश के लिए कितनी आवश्यक है।

वर्तमान में समाज की फूट के चलते अनेक विसंगतियों का जन्म हो रहा है। व्यभिचार बढ़ रहे हैं। जो गांधी जी के विचार के प्रतिकूल है।गांधी जी भगवान राम को सभी धर्म और संप्रदाय से ऊपर मानते थे। आज भगवान राम को जिस प्रकार से केवल हिन्दू समाज से जोड़कर देखा जाता है, वह दृष्टि महात्मा गांधी की नहीं थी। श्रीराम जी का जीवन एक ऐसा आदर्श है जो सबके लिए उत्थानकारी है। गांधी जी ने राम को भारतीय दृष्टि से देखा। आज के समाज से भी यही अपेक्षा की जाती है कि वह राम जी को संकुचित दायरे से न देखकर भारतीयता की दृष्टि से देखें। ऐसा करेंगे तो उन्हें राम अपने दिखाई देंगे, भारत के दिखाई देंगे।महात्मा गांधी का पूरा चिंतन भारत के विकास पर भी केंद्रित रहा। उन्होंने देश में स्वदेशी भावना को जगाने के लिए स्वयं के जीवन से कई उदाहरण दिए। आज बाजार में जिस प्रकार से विदेशी वस्तुओं का आक्रमण हुआ है, उसके कारण हमारे देश का पैसा विदेशी संस्थाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर रहा है। अपने देश का पैसा अपने देश में ही रहे, इसलिए गांधी जी ने स्वदेशी का विचार अपने जीवन में अपनाया और समाज को प्रेरित किया। आज इस भाव को इसलिए भी अपनाने की आवश्यकता है, क्योंकि आज भारत को आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता है, जो केवल स्वदेशी विचार से ही संभव है। इतना ही नहीं गांधी जी भारत में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना को भी देश के विकास का मजबूत आधार मानते थे। हालांकि अब भारत का समाज स्वदेशी की ओर जाग्रत भाव के साथ अग्रसर हुआ है।

## 1921 में बापू ने बताई स्वराज की मूल बातें

**राजेश बैन)**

सितम्बर 1921 में 3 दिनों के लिए भोपाल आए महात्मा गांधी ने सभा के दौरान रामराज्य की व्याख्या तो की ही उन्होंने स्वराज के लिए जरूरी कारकों के बारे में भी जनमानस को बताया । बापू को सुनने लगभग 10 हजार नागरिक मौजूद थे और उन्हें खादी कार्य के लिए नागरिकों की ओर से 1035 रूपये की थैली भेंट की गई । गांधी जी 1933 में भी रेलगा?ी बदलने के लिए कुछ देर के लिए भोपाल स्टेशन पर रूके । नागरको के अनुरोध पर गांधीजी ने उन्हें संबोधित किया तो आजादी के आंदोलन के लिए स्टेशन पर मौजूद व्यक्तियों ने जिसके पास जो था गांधी जी को भेंट किया ।

**1921 में गांधी जी ने कहा**

गाँधीजी ने स्वराज्य के लिये दो बातों को आधारभूत बताया । उन्होंने कहा कि हिन्दू - मुस्लिम एकता और अस्पृश्यता निवारण स्वराज्य की दो आवश्यक शर्ते हैं । साथ ही चरखा - संघ के लिये भी उन्होंने धन की मांग की । तत्कालीन नवाब ने गाँधीजी की अपील से प्रभावित होकर पर्याप्त धन प्रदान किया और अनेक दूसरे लोगों ने भी यथा - शक्ति दान दिया जिससे गाँधीजी को प्रसन्नता हुई । अपनी इस यात्रा में गाँधीजी भोपाल के कार्यकर्ताओं से भी मिले और खादी तथा अस्पृश्यता निवारण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला । कार्यकर्ताओं से भेंट के पश्चात गाँधीजी ने मारवाड़ी रोड स्थित खादी भण्डार का निरीक्षण भी किया । इस अवसर पर स्थानीय मोढ़ समाज की ओर से भी गाँधीजी को अभिनंदन - पत्र तथा थैली अर्पित की गयी थी ।

**प्रार्थना ङ्क सभा**

गाँधीजी के भोपाल - प्रवास पर राहत मंजिल के सामने ही सांध्य प्रार्थना सभायें हुई थीं जो बहुत आकर्षक थीं । इस प्रार्थना सभा का वर्णन श्री माखनलाल चतुर्वेदी ने बड़े ही सजीव ढंग से प्रस्तुत किया है । उन्होंने लिखा है- ÷ एक बार की बात है कि बापू भोपाल गये । वे वर्धा से भोपाल जा रहे थे, भोपाल में कर्मवीर बंद था और मेरा प्रवेश निषिद्ध था । उस बार भाई जमनालाल बजाज ने मुझे सूचना दी थी और मैं खण्डवा से उनके साथ हो लिया । बापू भोपाल के नवाब साहब के राहत मंजिल नामक भवन में ठहराये गये थे । ज्यों ही संध्या का समय हुआ , बापू प्रार्थना करने बैठ गये। उसमें भोपाल नवाब, डॉ. अंसारी और भोपाल रियासत के बड़े - बड़े अमीर उमराव घुटने टेके वहां की प्रार्थना सुन रहे थे। बापू ध्यानस्थ प्रार्थना में लीन से थे। गीता से, कुरान से, बाइबिल से और संतों की वाणियों से प्रार्थना के शब्द गूंज रहे थे । उस दिन प्रार्थना सभा में मालिक या नौकर, राजा या प्रजा, गरीब या अमीर, छोटा या बड़ा, सब भेदभाव जाने कहां विलीन हो गये थे।

# मेकअप बॉक्स को साफ करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके



अगर आप अपने तरह-तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स को सुरक्षित रखने के लिए मेकअप बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं तो क्या आपने कभी इसकी सफाई पर ध्यान दिया है? शायद नहीं। आप ही नहीं, ऐसी कई महिलाएं हैं, जो मेकअप प्रोडक्ट्स का रोजाना इस्तेमाल तो करती हैं, लेकिन इसके बॉक्स को साफ करना भूल जाती हैं और उनकी यहीं गलती मेकअप प्रोडक्ट्स को खराब करने का काम कर सकती है। आइए मेकअप बॉक्स साफ करने के तरीके जानते हैं।

### सैंड पेपर का करें इस्तेमाल

अगर आप अपने मेकअप बॉक्स को साफ कर रहे हैं तो पहले इसमें लगे मेकअप प्रोडक्ट्स के दाग साफ करें। इसके लिए आप सैंड पेपर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए अपने मेकअप को पूरी तरह से खाली करें, फिर सैंड पेपर को मेकअप बॉक्स की उन जगहों पर हल्का रगड़े, जहां मेकअप है। ध्यान रखें कि अगर आप मेकअप के दाग को हटाए बिना ही सीधे बॉक्स को धोना शुरू कर देंगे तो वह और गंदा हो जाएगा।

### गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड से करें साफ

मेकअप बॉक्स की सफाई के लिए आप गुनगुने पानी और डिशवॉश लिक्विड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कप गुनगुने पानी में थोड़ा सा डिशवॉश लिक्विड अच्छे से मिलाएं, फिर इस मिश्रण को मेकअप बॉक्स में डालकर कुछ मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बॉक्स को सामान्य पानी से धोकर हवा वाली जगह पर रख दें ताकि यह सूख जाए और आप इसका जल्दी इस्तेमाल कर सकें।

### नींबू भी है कारगर

मेकअप बॉक्स को साफ करने के लिए नींबू का इस्तेमाल भी कारगर साबित हो सकता है। इसके लिए एक बड़े बर्तन में गर्म पानी के साथ एक कप नींबू का रस मिलाएं, फिर इस मिश्रण में गंदे मेकअप बॉक्स को लगभग 5-10 मिनट के लिए डुबोकर छोड़ दें। 10 मिनट बाद बॉक्स को मिश्रण से बाहर निकालें और इसके अंदर से भी मिश्रण को निकाल दें। इसके बाद बॉक्स को साफ पानी से धोकर सुखा दें।

### नमक और सिरके का करें इस्तेमाल

मेकअप बॉक्स को साफ करने के लिए नमक और सिरके का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए एक कटोरी में एक चौथाई कप पानी भरें, फिर इसमें चार चम्मच सिरका और एक चम्मच नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण को बॉक्स के अंदर डालकर 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद बॉक्स को अच्छे से हिलाते हुए मिश्रण को बाहर निकालें और सामान्य पानी से धोकर साफ कर दें।

## अक्षय की डेब्यू वेब सीरीज द एंड अगस्त, 2022 में होगी रिलीज




अक्षय कुमार अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म बेल बॉटम को लेकर लाइम लाइट में हैं। अक्षय की यह फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर पाई है। वह काफी समय से अपनी डेब्यू वेब सीरीज द एंड को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अब इस प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो अक्षय की पहली सीरीज द एंड अगस्त, 2022 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अक्षय की सीरीज द एंड अगले साल अगस्त में रिलीज होगी। लेट्स ओटीटी ग्लोबल ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, अक्षय की डिजिटल डेब्यू सीरीज द एंड की शूटिंग जनवरी, 2022 में शुरू होगी। तीन महीने की अवधि में दुनियाभर में इस सीरीज को शूट किया जाएगा। इस सीरीज को अगस्त, 2022 में रिलीज करने की योजना बन रही है। फिल्म बेल बॉटम के प्रमोशन के दौरान अक्षय ने खुलासा किया था कि वह अगले साल अपनी पहली वेब सीरीज की शूटिंग शुरू करेंगे। इस सीरीज का निर्माण विक्रम मल्होत्रा के अबुदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा। एक्शन से भरपूर थ्रिलर सीरीज की घोषणा 2019 में की गई थी। सीरीज को 2021 में रिलीज करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन कोरोना के कारण यह संभव नहीं हो पाया। यह सीरीज करोड़ों रुपये के बजट में बनाई जाएगी। द एंड में जूही चावला, सोहा अली खान, शहाना गोस्वामी, कृतिका कामरा, करिश्मा तन्ना और आयशा झुलका के नाम की चर्चा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय शुरुआत में इस प्रोजेक्ट के लिए राजी नहीं थे। अमेजन प्राइम ने उन्हें काफी मनाया था, जिसके बाद वह द एंड का हिस्सा बने थे। सीरीज को तीन सीजन में रिलीज किया जाएगा। पहले सीजन में करीब 6 एपिसोड दिखाने की चर्चा है।

# महामारी के दौरान असुरक्षा और डर का सामना करना सीखा: रेहाना पंडित



टेलीविजन अभिनेत्री रेहाना पंडित ने कोविड -19 महामारी के दौरान जिस असुरक्षा का सामना किया, उस पर खुलकर बात की है।

हालांकि, रेहाना का कहना है कि उन्होंने अपने डर का सामना करना सीख लिया है और अब वह अपने जीवन के साथ काफी सहज है। रेहाना ने कहा कि महामारी ने मुझे बहुत कुछ सिखाया है। मैंने सीखा है कि ऐसे समय में जीवित रहने के लिए वित्तीय स्थिरता की आवश्यकता होती है। सच कहूं, तो मुझे इतना दर्द और पीड़ा देखकर दुख हुआ क्योंकि लोग परेशान थे, उनकी नौकरियां चली गई थी, और उनके पास इस कठिन समय से बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। उन्होंने कहा कि असुरक्षा के बारे में बात करते हुए, मुझे लगता है कि हर कोई इसका सामना करता है। मैं यह नहीं कहूंगी कि मैं असुरक्षित नहीं हूं। मैं अपने काम, अपने जीवन और भविष्य को लेकर चिंतित हूं। मैं महामारी के दौरान भी असुरक्षित हो गई थी। मैं हर चीज के बारे में सोचती हूं, लेकिन मैं खुद को समझाती हूं कि मैं अपने डर का भी सामना करूं। मैं अब अपने जीवन के साथ काफी सहज हूं। मुझे कुछ भी खोने का डर नहीं है। जीवन के लिए अपना मंत्र साझा करते हुए, अभिनेत्री ने कहा कि मैं इस सोच के साथ जीती हूं कि हम सभी इस दुनिया में भगवान द्वारा खाली हाथ लाए गए थे और उन्होंने हमें जीवन में एक उद्देश्य दिया है जिसे हमें पूरा करना है।

# खराब आलोचना को मैं सकारात्मक रूप से लेती हूं :जैकलीन फर्नांडीज



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने भूत पुलिस के अपने सह-अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ एक चैट सत्र के दौरान कहा कि सोशल मीडिया की कुछ आलोचनाएं उनके लिए समझ में आती हैं और वह इसे सकारात्मक रूप से लेती हैं। अर्जुन ने बक बक विद बाबा नाम से एक सोशल मीडिया चैट सत्र शुरू किया है, जिसमें अभिनेता अपने उद्योग मित्रों और परिवार से उन चीजों का पता लगाने के लिए बात करेंगे, जिनके बारे में लोग नहीं जानते है। उन्होंने जैकलीन के साथ भी बात की। जहां उन्होंने अपने पहले क्रश, उनकी फिटनेस यात्रा और ट्रोल से निपटने के तरीके के बारे में सब कुछ बताया। गुंडे अभिनेता ने जैकलीन से पूछा, सोशल मीडिया पर आपने अपने बारे में सबसे घटिया बात क्या पढ़ी है?जैकी जवाब दिया कि बहुत सारी घटिया चीजें हैं। ठीक है, हम सभी इसे प्राप्त करते हैं। मैंने अपने बारे में पढ़ा कि मैं कितना भयानक लगती हूं, मेरा उच्चारण कितना भयानक है और मैं हिंदी कैसे बोलती हूं, मैं कैसी दिखती हूं, इस पर खराब आलोचना होती है। पर मैं इसे सकारात्मक रूप से लेती हूं। उन्होंने आगे कहा कि फिर, मुझे लगता है कि कुछ जगह सुधार हो सकता है। कुछ आलोचना ऐसी होता है जहां आपको लगता है कि यह व्यक्ति बुरा है। लेकिन कुछ जगह ऐसा नहीं होता है। अर्जुन से अपने पहले क्रश के बारे में जैकलीन ने कहा कि मेरा एक स्कूल में क्रश था, लेकिन मैं उसका नाम नहीं ले सकती, और रोमियो एंड जूलियट और टाइटैनिक और बैकस्ट्रीट बॉयज के रिकाडरे देखने के बाद मुझे लियोनाडरे डिकैप्रियो पर भी बहुत बड़ा क्रश था। उन्होंने आगे अर्जुन को बताया कि वह कभी भी ब्लाइंड डेट पर नहीं रही है। हॉरर कॉमेडी में चिरौंजी की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ने फिर अभिनेत्री से पूछा कि खाना उनके लिए कितना महत्वपूर्ण है? जैकलीन ने साझा किया कि वह निश्चित रूप से भोजन के साथ जश्न मनाना पसंद करती हैं।

## शहनाज-दिलजीत की फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज, दोनों की जोड़ी आ रही है सबको हंसाने

शहनाज गिल की नई पंजाबी फिल्म हौसला रख का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. इस फिल्म में वह दिलजीत दोसांझ के साथ दिखाई देंगी. ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस के बीच छा गया है. बिग बॉस 13 की फाइनलिस्ट शहनाज गिल ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रख दिया है. शहनाज, दिलजीत दोसांझ और सोनम बाजवा की अपकमिंग मूवी 'हौसला रख' का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है. इस फिल्म के ट्रेलर का फैंस एक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे. फैंस सिद्धार्थ शुक्ला के निधन के बाद फैंस शहनाज की एक झलक के लिए तरस गए थे. लेकिन अब फैंस को शहनाह फिल्म के ट्रेलर में फाइनली दिखाई दी हैं. 2 मिनट 56 सेकेंड का ये ट्रेलर काफी मजेदार और कॉमेडी से भरपूर है फिल्म का ट्रेलर काफी मजेदार है. ट्रेलर में दिलजीत दोसांझ ने एक बार फिर से कॉमेडी का खूब तड़का लगाते हुए दिल जीता है. वहीं, शहनाज भी दमदार रोल में दिखाई दे रही हैं. जबकि एक्ट्रेस सोनम बाजवा काफी ग्लैमरस दिखी हैं. अगर हम ट्रेलर की बात करें तो दिखाया गया है कि शहनाज, दिलजीत के बच्चे की मां बन जाती हैं, लेकिन वो बच्चे को दिलजीत को सौंपकर चली जाती हैं. शहनाज के चले जाने के बाद तमाम परेशानियों को झेलते हुए दिलजीत अपने बेटे को पालते हैं. इसके बाद उनकी लाइफ में सोनम की एंट्री होती है, लेकिन तभी शहनाज भी वापस लौट आती हैं. ट्रेलर ट्विस्ट से भरा है, आगे क्या होता है कहानी में इसके लिए फैंस को फिल्म का इंतजार रहेगा. 'हौसला रख' की बात करें तो यह फिल्म 15 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है. ट्रेलर के बाद अब फैंस को फिल्म का और भी बेसब्री से इंतजार है. ट्रेलर आने से पहले दिलजीत ने फिल्म का एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उनके हाथ में एक बच्चा है और उनके अगल-बगल शहनाज और सोनम खड़ी हैं।

# विक्की कौशल अभिनीत मिस्टर लेले के एक खास गाने में दिखेंगे रणबीर कपूर



अभिनेता विक्की कौशल काफी समय से अपनी फिल्म मिस्टर लेले को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर कर रहे हैं। वहीं, शशांक खेतान के कंधे पर फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी होगी। अब इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर फिल्म के एक खास गाने में दिखेंगे। रणबीर के शामिल होने से फिल्म की स्टार कास्ट और मजबूत हो जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, मिस्टर लेले के एक खास गाने में रणबीर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाने वाले हैं। सूत्र ने कहा, करण और शशांक सॉन्ग के लिए रणबीर को लेने के लिए उत्सुक थे। रणबीर करण के बहुत करीब माने जाते हैं। अयान मुखर्जी की ब्रह्मास्त्र में अभिनय करने के अलावा रणबीर ने करण के निर्देशन में बनी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में भी काम किया है। बता दें कि ब्रह्मास्त्र को करण भी प्रोड्यूस कर रहे हैं।

कहा जा रहा है कि यह एक मजेदार डांस नंबर होगा। इस गाने की शूटिंग रणबीर बुधवार से महबूब स्टूडियो में शुरू करने वाले हैं। रणबीर पिछले कुछ दिनों से इस सॉन्ग के लिए रिहर्सल कर रहे हैं। सूत्र की मानें तो यह एक सोलो ट्रैक है, जिसे गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ किया जा रहा है। तनिष्क बागची और रोचक कोहली इस फिल्म के संगीत को कंपोज कर रहे हैं। यह गाना फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

मिस्टर लेले का प्रोडक्शन लगभग खत्म हो चुका है। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर में पूरी हो जाएगी। फिल्म में कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। विक्की फिल्म में महाराष्ट्रीयन शख्स के किरदार में नजर आने वाले हैं। वहीं, भूमि और कियारा के किरदार के बारे में कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है। यह एक कॉमिक थ्रिलर फिल्म होगी। विक्की और कियारा इससे पहले लस्ट स्टोरीज में साथ काम कर चुके हैं। रणबीर के वर्कफ्रंट की बात करें तो आने वाले दिनों में उन्हें कई फिल्मों में देखा जा सकता है। रणबीर अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा में हैं। इसके बाद वह करण मल्होत्रा की शमशेरा में दिखेंगे। इस फिल्म में उनके साथ संजय दत्त और वाणी कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगी। इसके अलावा वह फिल्म एनिमल मे नजर आएंगे।

# तुलसी की चाय पीने से मिलते हैं कई स्वास्थ्य लाभ, डाइट में जरूर करें शामिल

चाय और कॉफी के बिना कई लोगों की जिंदगी मानो अधूरी सी है। खासकर चाय में तो कई तरह के फ्लेवर मौजूद हैं। किसी को ग्रीन टी पसंद है तो कोई कड़क चाय या नींबू की चाय का जायका लेना पसंद करता है। वहीं, तुलसी की चाय पीने वालों की भी कमी नहीं है, क्योंकि इस चाय का सेवन शारीरिक समस्याओं से राहत देने में बेहद कारगर है। आइए इस चाय को बनाने का तरीका और इसके फायदे जानें।

### तुलसी की चाय बनाने का तरीका

**सामग्री:** तुलसी की पांच से छह पत्तियां, एक कप पानी, एक चौथाई चम्मच चायपत्ती, थोड़ा सा दूध (वैकल्पिक), चीनी या शहद (स्वादानुसार)। चाय बनाने का तरीका: सबसे पहले एक पैन में पानी को अच्छे से गर्म करें, फिर उसमें चायपत्ती डालें और जब पानी में उबाला आ जाए तो तुलसी की पत्तियां और दूध डालकर फिर से उबालें। अब चाय को एक कप में छानकर निकालें और इसमें शहद या चीनी मिलाकर इसका सेवन करें।

### सांस से जुड़ी समस्याओं के जोखिम को करें कम

तुलसी की चाय का सेवन सांस से संबंधित कई समस्याओं से राहत दिलाने में काफी मदद कर सकता है।

एक शोध के अनुसार, यह चाय एंटी-ऑक्सीडेंट गुण से समृद्ध होती है, जो ब्रोंकाइटिस, अस्थमा और



इओसिनोफिलिक लंग्स डिजीज (फेफड़े से जुड़ी बीमारी) आदि बीमारियों के जोखिम को कम कर सकती है। इसलिए सांस की बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए तुलसी की चाय का सेवन करना बेहतरीन ब्लड प्रेशर को बेहतर तरीके से संचालित करने में है कारगर

ब्लड प्रेशर को बेहतर तरीके से संचालित रखने में भी तुलसी की चाय का सेवन फायदेमंद है। एक शोध के मुताबिक, तुलसी की चाय में एंटी-ऑक्सीडेंट के साथ-साथ कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जिस कारण इसका पर्याप्त मात्रा में सेवन ब्लड प्रेशर को सही ढंग से संचालित करने में मददगार है। अगर कोई ब्लड प्रेशर से संबंधित दवा का सेवन कर रहा है तो डॉक्टर की सलाह लेकर उसकी जगह तुलसी की चाय का सेवन कर सकता है।

### मौसमी एलर्जी को दूर करने में है सहायक

अगर मौसम में बदलाव होते ही आपको एलर्जी की समस्या हो जाती है तो इससे बचाव के लिए तुलसी की चाय का सेवन लाभकारी सिद्ध हो सकता है। दरअसल, तुलसी की चाय में रोजमेरिनिक एसिड सम्मिलित होता है जो एंटी-एलर्जेनिक के साथ-साथ एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रभाव से युक्त होता है। ये दोनों प्रभाव मिलकर मौसमी एलर्जी से बचाव करने में सहायक हो सकते हैं। इसलिए सीजनल एलर्जी को दूर करने के लिए इस चाय को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

### टाइप-2 मधुमेह ग्रसितों के लिए है बेहद लाभकारी

मधुमेह के जोखिमों को कम करने में भी तुलसी की चाय का सेवन कारगर है। एक शोध के अनुसार, इसमें एंटी-हाइपरग्लाइसेमिक एजेंट होते हैं, जो शरीर में शुगर के स्तर को नियंत्रित कर मधुमेह के जोखिम को कम करने में सहायक साबित हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, तुलसी की चाय शरीर में इंसुलिन का स्तर बनाए रखने में मदद करती है जिससे खून में शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

## मेरे पिता की वजह से मैं आज एक कलाकार हूं: वामिका गब्बी



वेब सीरीज ग्रहण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री वामिका गब्बी याद करती हैं कि कैसे उनके पिता ने उन्हें और उनके भाई को प्रदर्शन कला का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जिसने अंततः वामीका को अभिनय की ओर आकर्षित किया। वामीका ने कहा, मेरे पिता एक लेखक हैं और उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित किया कि मैं चंडीगढ़ में टैगोर थिएटर में होने वाले सभी नाटकों को देखूं। उन्होंने हमेशा मुझे और मेरे भाई को विभिन्न कला रूपों को सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। वह मेरे स्तंभ हैं और उन्हीं की वजह से मैं आज एक कलाकार हूं। चंडीगढ़ की रहने वाली, अभिनेत्री अपने परिवार से बहुत जुड़ी हुई है और अपने पिता के साथ एक बहुत ही खास बंधन साझा करती है। उनके पिता एक लेखक हैं, पंजाब की साहित्य अकादमी के सदस्य हैं और उनकी 11 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अभिनेत्री अब आगामी मल्टी-स्टारर विशाल भारद्वाज की जासूसी-थ्रिलर खुफिया के लिए तैयार है जिसमें तब्बू, अली फजल और आशीष विद्यार्थी भी हैं। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। इससे पहले वामीका दिल दिया गल्लां, लव आज कल जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

## वन-टू-वन

### पीएम मोदी के 71 बे जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण हेतु 71 पौधे मंडी प्रांग? में लगाये गये।



**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**9179661562**

**गोरमी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी द्वारा सेवा ओर समर्पण अभियान के तहित पर्यावरण सरक्षण हेतु मंडी प्रांगण में मोदी उपवन नाम से 71 पौधे रोपे गए इन पौधों की सुरक्षा के लिये नगर पंचायत के सहयोग से फेंसिंग भी भी लगाई गई है। जिससे आवारा जानवर से पौधों को कोई नुकसान न हो ।इस अवसर पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा कि वृक्षारोपण से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है आज हम सब लोग मोदी जी के जन्मदिन पर 71 पौधे रोप रहे हैं इन पौधों की देखभाल भी हम सब लोगों मिलकर करनी होगी यह पौधे हमारे लिये। या हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए ऑक्सीजन का सबसे अच्छा स्त्रोत होंगे। मंडी प्रांग? में आने वाले किसानों को आने वाले समय मे इन पौधों से ब?ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से बरिष्ठ नेता राजकुमार जैन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य मान सिंह यादव पार्षद ओमकार यादव मुकेश यादव पटेल यादव सोनू भदोरिया सुमेर यादव शिवराज यादव राजेश मिश्रा दिनेश यादव अरविंद जैन मोनू शर्मा राय सिंह जाटव राहुल कटारे विधिराम कटारे शंकर कोरी सुरेश सोनी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### दबोह नगर परिषद कर्मचारियों ने किया बृक्षारोपण



**दबोह( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पाजंली टुडे)**

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 71 वे जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण के तहत नगर परिषद के कर्मचारियों के द्वारा शुक्रवार को नगर परिषद परिसर में बृक्षारोपण किया गया।कार्यालय में पदस्थ स्थाई तथा अस्थाई कर्मचारियों ने करीब आधा दर्जन पौधों को नगर परिषद की बगिया में लगाए।वही कर्मचारियों ने बताया कि अभी कार्यालय परिसर में और भी पौधे लगाए जाएंगे।पौधों से बायु का शुद्धिकरण होता है और हमे ताजी बायु मिलती हैं साथ ही नगर भी हरा भरा रहता है।जिन कर्मचारियों ने अपने अपने पौधे लगाए उनमे रामकिशोर मिश्रा, धमेंद्र कुशबाह,राघवेंद्र भदौरिया, रामकुमार गोस्वामी,शिवम खेमरिया आदि कर्मचारी शामिल हैं।

### सोजत के विकास राठौड़ बने कर्नाटक यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**बेंगलुरु-** नेशनल फेडरेशन ऑफ वॉलंटरी ब्लड डोनर ऑर्गनाइजेशन (एन.एफ.वी.बी.डी.ओ.) की कर्नाटक इकाई की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमे सोजत के विकास राठौड़ को कर्नाटक यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष, मैसूरू के देवेंद्र परिहारिया को कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष,कोलार के गौरीशंकर को प्रदेश सचिव, बेंगलुरू के अमित दक को निर्देशक, प्रकाश राठौड़ को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र दवे व राष्ट्रीय सचिव सौरभ मौर्या ने सभी को नियुक्ति पत्र सौंपा। और प्रदेश इकाई को और मजबूत बनाने का जिम्मा दिया गया। यह फेडरेशन रक्तदान के क्षेत्र में कई तरह के कार्य जैसे कि स्वेच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना, युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाना, ब्लड बैंक पूरी तरह पारदर्शिता से कार्य करे, सहित कई अन्य कार्य कर रहे है। जिसके लिए पूरे भारत से रक्तदान के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं को मिलाकर एक फेडरेशन बनाने का कार्य भी जारी है।

### शासकीय जमीन पर स्थानीय लोगों का कब्जा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** बरई ग्राम पंचायत के शासकीय शासकीय जमीन पर स्थानीय लोगों का कब्जा है जो कि स्थानीय बच्चों के लिए खेलने का परिसर था इस पर दबंग लोगों ने कब्जा करके बाउंड्री वॉल निर्मित कर दी है प्रशासन इस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है जब के स्थानीय समाज कार्यकर्ता ने इस मुद्दे को लेकर एसडीएम बगैरा को ज्ञापन भी दे रखा है परंतु अभी तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं हुई जिलाधीश महोदय से निवेदन किया इस पर शीघ्र से शीघ्र कार्यवाही कर जमीन को मुक्त कराया जाए ताकि स्थानीय बच्चों को खेल परिसर मिल सके और बच्चों के बाल विकास में खेल परिसर की अहम भूमिका होती है इसको शीघ्र से शीघ्र मुक्त कराया जाए।

# राष्ट्रीय विप्र एकता मंच का जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(जातिगत आरक्षण और हरिजन एक्ट खत्म होना चाहिये-मित्रेश चतुर्वेदी)**

**भिण्ड ।** राष्ट्रीय विप्र एकता मंच द्वारा शिव उत्सव वाटिका अटेर रोड पर आयोजित विप्र जनसंवाद एवं ब्राह्मण सम्मेलन में राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने जातिगत आरक्षण तथा एससी-एसटी एक्ट को लेकर सरकारों पर जमकर बरसे। कार्यक्रम के आयोजक दीपक दुबे(दीपू) युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में आशीर्वचन देने के लिए पधारे दंदरौआ सरकार पूजनीय संत 1008 श्री रामदास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीपरशुरामजी एवं भगवान श्रीभोलेनाथ जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने ब्राह्मण समूह को संबोधित करते हुए कहा कि जातिवाद के लिए ब्राह्मण दोषी नहीं है। ब्राह्मण ने कभी जातिवाद को बढ़ावा नहीं दिया। जातिवाद को बढ़ावा सरकारों ने और देश के संविधान ने दिया है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण जाति नहीं संस्कार है। ज्ञान का भंडार है । लोगों को ज्ञान बांटकर उनका मार्गदर्शन करना ब्राह्मण समाज का कर्तव्य रहा है। ब्राह्मण ने हमेशा सभी वर्गों के भले के लिए कार्य किया है । मैंने कभी अपने बारे में नहीं सोचा बल्कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति का पालन किया और शासन सत्ता के लिए भी दूसरे लोगों को अवसर दिया।



श्री चतुर्वेदी ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के नैतिक स्तर को कायम रखना , उन्हें प्रगतिशीलता एवं विकास की ओर अग्रसर करना , जनजागरण एवं अपने त्यागी तपस्वी जीवन में महान आदर्श उपस्थित कर लोगों को सत्पथ का प्रदर्शन करना, ब्राह्मण जीवन का आधार बनाया गया। इसमें कोई संदेह नहीं कि राष्ट्र की जागृति, प्रगतिशीलता ब्राह्मणों पर आधारित होती हैं । ब्राह्मण राष्ट्र निर्माता होते हैं , मानव हृदयों में जनजागरण का गीत सुनाता है , समाज का कर्णधार होता है । देश, काल, पात्र के अनुसार सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन करता है और नवीन प्रकाश चेतना प्रदान करता है । त्याग और बलिदान ही ब्राह्मणत्व की कसौटी होती है ।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र संरक्षण का दायित्व सच्चे ब्राह्मणों पर ही हैं । राष्ट्र को जागृत और जीवंत बनाने का भार इन पर ही है । वर्तमान परिवेश में ब्राह्मण समाज की जिम्मेदारी और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि आज चारों वर्णों में शामिल अन्य 3 वर्ण प्रत्येक सामाजिक बुराई और समस्या की जड़ ब्राह्मण समाज को ही समझाने एवं बताने लगे हैं तथा ब्राह्मण समाज के त्याग , तपस्या, बलिदान को भुलाया व झुठलाया जा रहा है।इसके पीछे दूषित मानसिकता रखने वाली कुछ शक्तियां शामिल हैं, जो सनातन समाज को छिन्न-भिन्न कर देना चाहती हैं । इस लिए ब्राह्मण समाज स्वयं संगठित और जागरूक होकर पूरे सनातन समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाए।

श्री चतुर्वेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज में एकजुटता ना होने की वजह से ही आज देश में हर जगह ब्राह्मण समाज के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है जिस राजनीतिक पार्टी के समर्थन में मतदान करते हैं। वह राजनीतिक पार्टी भी उनका शोषण करने से बाज नहीं आती है । ब्राह्मण समाज के नेता उच्च पदों पर पहुंचने के बाद अपने समाज के लोगों की पैरवी नहीं करते अपनी पीढ़ी के अगली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अभी से विचार करना होगा। संगठित होकर ब्राह्मण समाज का नेतृत्व पैदा करें । नेतृत्व विहीन समाज कभी सुरक्षित नहीं रह सकता और ना ही प्रगति कर सकता है। ब्राह्मण समाज सिर्फ वोट बैंक बनकर रह गया है।

ददरौआ सरकार श्रीश्री 1008 श्री पूज्य राम दास जी महाराज ने कहा के हमारे शास्त्रों के मुताबिक चार वर्ण हैं, ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र ब्राह्मण को सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। अन्य तीन वर्णों का मार्गदर्शन करते हुए सभी को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी निभाने के कारण ब्राह्मण समाज के ऊपर है, ब्राह्मण समाज स्वयं जागरूक होकर एवं संगठित होकर अन्य समाजों की भलाई के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करें, सामाजिक बुराइयों को दूर किया जाए जब जब धर्म पर आंच आती है भगवान स्वयं धरती पर आकर अत्याचार का अंत करते हैं। इससे पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ भिंड की सीमा पर युवा मोर्चा के मध्य प्रदेश अध्यक्ष के प्रदेश अध्यक्ष दीपक दुबे दीपू और वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष जोशी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया।

# आजीविका मिशन और जिला पंचायत के अंतर्गत संचालित सहरिया महिला लघु वनोपज कम्पनी ने की पांचवीं बार्षिक आमसभा

***पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक***

**श्योपुर** आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित सहरिया महिला लघु वनोपज प्रोड्यूसर कम्पनी जो कि आदिवासी समाज की महिलाओं के लिए कार्यरत हैं जिसमें प्रत्येक वर्ष बार्षिक आमसभा का आयोजन किया जाता है जिस आमसभा में प्रत्येक गांव की महिलाएं आती है लेकिन विगत दो वर्षों से कोविड-19 का ध्यान रखते हुए कम से कम महिलाओं को एकत्रित किया जाता है

इस वर्ष प्रत्येक गांव से सीआरपी को ही बोलाया गया जिसमें अधिक महिलाएं एकत्रित ना हो और सही ढंग से कोरोना गाइड लाइन का पालन हो सके इस वर्ष आमसभा की अध्यक्षता कम्पनी की डायरेक्टर हसीना आदिवासी ने की आमसभा के प्रारंभ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया कार्यक्रम के प्रारंभ में आजीविका मिशन के जिला मैनेजर गिर्राज मीणा ने सभी महिलाओं से एक - एक करके परिचय जाना और सालाना जड़ी बूटियों के क्रय विक्रय के बारे में जानकारी एकत्रित की एवं मीणा जी द्वारा महिला को समूह की मासिक बैठक और खरीद केंद्र पर जड़ी बूटी देने से संबंधित अनेक फायदों के बारे समझाया गया कम्पनी के सीओ वरचैस पंडित द्वारा भी कम्पनी से संबंधित होने वाले लाभ हानि को अच्छे से सभी महिलाओं को समझाया गया एवं कम्पनी की डीएमएम सपना तिवारी द्वारा विगत एक वर्ष में कम्पनी ने कितना अच्छा किया और जड़ी बूटियां से डाटा सभी महिलाओं के साझा किया इसके साथ कम्पनी के अन्य स्टाफ एल आर पी सुरेन्द्र हरदैनिया, मनीष श्रीवास , सोहन कुशवाहा, आजाद ख़ान, ओमप्रकाश पाठक एवं आजीविका मिशन का भी स्टाफ उपस्थित रहा।



# यहां शासन के नियम नहीं प्रधानाध्यापक की हिटलर शाही चलती है

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** गोहद के शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 का कहने को तो शासकीय विद्यालय जन सामान्य के लिए खोले गए हैं यहां पर कोई भी जाकर अपने नौनिहालों को प्रवेश दिला सकता है परंतु ऐसा सोच रहे हैं तो आपकी सोच बिल्कुल सही नहीं है क्योंकि कई विद्यालयों में शासन प्रशासन के नियम नहीं प्रधानाध्यापक की हिटलर शाही चलती है जो चाहे तो प्रवेश दे चाहे तो नहीं दे ऐसा ही एक मामला गोहद के शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 मैं देखने को मिला जहां पर रविंद्र कुमार अपने बालक देवेंद्र को प्रवेश दिलाने के लिए शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 गोहद में जाता है पहले तो उसे प्रवेश फार्म ही नहीं दिया जाता है जैसे तैसे वह दुकान से प्रवेश फार्म लेकर आता है और प्रधानाध्यापक को आवश्यक प्रपत्रों के प्रदान करता है तो प्रधानाध्यापक द्वारा पहले तो प्रधानाध्यापक द्वारा इधर उधर घुमाया जाता है फिर प्रवेश फार्म पर हस्ताक्षर करके जमा कर लिया जाता है और कुछ ही क्षणों में पता नहीं क्या हो जाता है कि उनकी हिटलर शाही जाग उठती है और बे प्रवेश फार्म पर किए गए स्वयं के हस्ताक्षर काटकर प्रवेश फार्म वापस कर देते हैं और कहते हैं प्रवेश नहीं हो सकता तुम कहीं भी जा सकते हो प्रार्थी के बार बार निवेदन करने के बाद भी प्रधानाध्यापक न तो पालक की बात सुनते हैं और ना नौनिहाल पढ़ाई से वंचित होने के बारे में सोचते हैं अब देखना है की शिक्षा विभाग के आला अधिकारी बच्चे को प्रवेश जला पाते हैं या फिर प्रधानाध्यापक की हिटलर शाही के सामने नतमस्तक होने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

### सेवा ही समर्पण अभिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।**भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल गोहद द्वारा सेवा और समर्पण अभियान के तहत नमो उपवन का कार्यक्रम गोहदी नारायणी माता मंदिर वार्ड नं 16 में सम्पन हुआ। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 71 वे जन्म दिवस के उपलक्ष में 71 पौधो का रोपण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष ब? भाई श्री विवेक जैन जी, जिले के प्रभारी श्री राजावत जी, मण्डल के उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी श्री मदन श्रीवास जी, सह प्रभारी श्री हरिओम भटेले जी महामंत्री आशीष शर्मा,मीडिया प्रभारी सौरभ पाण्डेय, संतोष राठौर राम सिया जाटव विक्रम सिंह कौशल महेश श्रीवास्तव ओपी आर्य लाखन सिंह गुर्जर ओमप्रकाश कुशवाहा सौरभ पांडे विकास श्रीवास अरविंद शर्मा अमन व्यास लाला कुशवाह दिनेश श्रीवास रिंकू पटेलऔर मण्डल के वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर जिला अस्पताल परिसर में सेवा और समर्पण अभियान के तहत मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे सेवा और समर्पण अभियान के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश दुबे ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जिला अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिस पर मौसमी बीमारियों के बढ़ते हुए मरीजों की संख्या के कारण असुविधाएं हो रही थी और उन्हें पलंग भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा था ।

भाजपा प्रदेश प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रमेश दुबे ने मरीजों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संज्ञान में लेकर अतिरिक्त व्यवस्था के लिए विचार विमर्श किया जिसमें आई वार्ड को चिन्हित करते हुए 20 पलंग की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है जिसमें मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या को देखते हुए उसमें उन्हें भर्ती किया जाएगा, साथ ही सभी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उन्हें उपलब्ध भी कराई जाएंगी । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश दुबे के साथ जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ अजीत मिश्रा डॉक्टर अनिल गोयल सिविल सर्जन डॉ देवेश शर्मा डॉ प्रभात उपाध्याय से चर्चा करते हुए आई वार्ड में मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए उन्होंने चर्चा की और अच्छी से अच्छी मेडिसन के साथ उनके स्वास्थ्य पर पूर्ण रुप से ध्यान रखने के लिए स्टाफ की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ जिम्मेदारी भी दी गई ।जिला मुख्यालय के अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन एवं डॉ देवेश शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त आई बाढ़ में प्रत्येक पलंग पर ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई है साथ ही नर्सिंग स्टाफ भी मरीजों की देखभाल के लिए जिसमें स्टाफ नर्स कंपाउंडर बेडवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सभी मेडिसन दवाइयां की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई कठिनाइयां ना हो । भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रमेश दुबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आग्रह किया कि अस्पताल परिसर के प्रत्येक वार्ड में साफ सफाई परवीन पूर्ण रुप से ध्यान दिया जाए ताकि अस्पताल परिषद का प्रत्येक बेड की स्वच्छता की ध्यान दिया जाए समय-समय पर साफ-सफाई भी होती रहे । भाजपा नेता दुबे के साथ रामदास सोनी एडवोकेट, राधा मोहन चौबे, शिव प्रताप सिंह राजावत, कुलदीप सिंह राजावत, उदय सिंह यादव, अनिल दुबे अनु शामिल है ।



# पीएम मोदी के 71 बे जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण हेतु 71 पौधे सिध्द स्थान बडैंरा में लगाये एंव अमायन मौंड पर कीर्तन भजन का कार्यक्रम किया गया

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**

**मौं।** मंडल महामंत्री राजू मिश्रा ने प्रेस कप बताते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71 वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं द्वारा सेवा ओर समर्पण अभियान के तहित पर्यावरण सरंक्षण हेतु सिध्द स्थान बडेरा में मोदी उपवन नाम से 71 पौधे रोपे गए इन पौधों की सुरक्षा के लिये मन्दिर मै चारो तरफ सै दीबाल है जिससे आवारा जानवर से पौधों को कोई नुकसान न हो ।इस अवसर पर उपस्थित भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने कहा कि वृक्षारोपण से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है एक वृक्ष सौ पुत्र के समान होता है आज हम सब लोग मोदी जी के जन्मदिन पर 71 पौधे रोप रहे हैं इन पौधों की देखभाल भी हम सब लोगों मिलकर करनी होगी यह पौधे हमारे लिये। या हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए ऑक्सीजन का सबसे अच्छा स्त्रोत होंगे। मन्दिर में आने वाले भक्तों को आने वाले समय मे इन पौधों से ब?ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से बरिष्ठ नैता किसान मोर्चा कै प्रदैश कार्य सिमित सदस्य रघुबीर पवैया जी कार्यक्रम सह प्रभारी एवं मार्केटिंग उपाध्यक्ष शैलैन्द सिंह गुर्जर जी मंडल महामंत्री राजू मिश्रा मंडल महामंत्री सुल्तान मौर्य रामनरैश कुशबाह जी कोमल यादव नीटू यादव रामू कुशबाह रामख्तयार गुर्जर जी पप्पन यादव सोनू खां शुभम राठोंर पवन यादव डां बैताल गोयल डां सुनील गोयल गुप्ता जाटव जी रामनरैश कुशबाह जी लल्लूराम कुशबाह जी बेताल गौड़ दिनैश शर्मा रघुराज गुर्जर जी रामकेश गुर्जर जी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद था।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 युवाओं के श्रेष्ठ भविष्य की आधारशिला

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अम्बाह** ... स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में स्थानीय उद्योगपतियों, समाजसेवियों तथा प्रबुद्ध जनों की कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में नगर के प्रमुख उद्योगपतियों, प्रबुद्ध जनों तथा समाजसेवियों ने सहभागिता की यह कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सम्मिलित फील्ड प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, शिक्षुता तथा समाज सेवा विषय के प्रतिपूर्ति हेतु आयोजित की गई। इस कार्यशाला में कार्यशाला प्रभारी डॉ कमल भारद्वाज ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 युवाओं के श्रेष्ठ भविष्य की आधारशिला है तथा यह शिक्षा नीति युवाओं के बहुमुखी विकास की गारंटी देती है। इस अवसर पर बोलते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर विश्वास मेडेकर ने उपस्थित उद्योगपतियों, समाजसेवियों तथा प्रबुद्ध जनों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में सहयोग कर सहभागिता की अपील की । इस कार्यशाला में महाविद्यालय आइ.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ व्ही. के. जैन, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. डी.एस. यादव, रोटरी क्लब अम्बाह के अध्यक्ष श्री अमित मिश्रा, मैत्री वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री अवनीश गुप्ता, आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंधक श्री जयकुमार पटेल, श्री उमाकांत जी कटारे, श्री जितेंद्र सिंह तोमर तथा श्री अवनीश गुप्ता आदि ने भागीदारी की।



# बस कंटेनर में भिड़ंत 7की मौत 15, घायल

**मोहन मांझी**
**पुष्पांजली टुडे**

गोहद में डांग पहाड़िया इलाक़े के हरगोविंद पूरा के पास सुबह सुबह भीषण हादसा हुआ है, भीषण हादसे में बस और कंटेनर की जोरदार भि?त हो गई,भिड़ंत में 7 लोगों की मौत हो गयी, वहीं 15 लोग घायल हुए हैं, बस ग्वालियर से उत्तर प्रदेश के बरेली शहर जा रही थी। ग्वालियर से यूपी के बरेली जा रही यात्री बस नैशनल हाईवे 719 भिण्ड ग्वालियर पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई, बताया जा रहा है कि घटना के सुबह क़रीब 7 बजे हुई जब गोहद के डांग पहाड़ इलाक़े से गुज़र रही बस भिंड की ओर से आ रहे एक कंटेनर से भिड़ गई, हादसा इतना भीषण था की कंटेनर मौक़े पर ही पलट गया, वहीं बस भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई ।

**-हादसे में 7 यात्रियों की गयी जान गई,:** इस पूरे हादसे में सात लोगों के मरने की पुष्टि हुई है, स्क्रने बताया कि मरने वालों में एक महिला और 6 पुरुष हैं, वही 15 यात्री घायल हैं, घायलों में 4 की हालत गम्भीर है, जिन्हें ग्वालियर रैफ़र कर दिया गया है, फ़िलिहाल मृतकों में 4 की पहचान हो चुकी है, जबकि 3 अभी अज्ञात है, घायलों का इलाज जारी है, वहीं घायलों ने बताया कि वे सुबह बरेली की बस में यूपी के इटावा, हरदोई, बरेली जाने के लिए निकले थे, लेकिन कंटेनर ते? र?तार ओर अनियंत्रित होने से हादसा हो गया, घायलों बताया कि हादसे पूरी गलती कंटेनर चालक की है, ज़्यादातर घायलों को सिर के पास चोट आयी हैं, जो डंपर टकराने से शीशे टूटने से लगी।







**-हादसे का शिकार हुए ज़्यादातर लोग ग्वालियर के:** घटना की जानकारी मिलते ही गोहद चौराहा पुलिस तुरंत घटना स्थल पहुँचे और यात्रियों का रेस्क्यू शुरू कर हॉस्पिटल भिजबया, मृतकों में 1. रजत राठौर पुत्र शिवबीर राठौर नि 0 ग्वालियर , 2. रानी पत्नी भगवान आदिवासी नि. साहगड सागर 3. हरेन्द्र पुत्र रघुवीर तोमर निवासी इटावा 4. हरिओम पुत्र देखराज करेरिया निवासी हरदोई बताए गए हैं । गोहद क्क्रष्ठ आलोक शर्मा ने बताया की सुबह हादसे के समय क़रीब 15 लोगों को लाया गया था,जिनमें 4 की हालत गम्भीर थी उन्हें डीप फ़्रैक्चर होने से ग्वालियर रैफ़र किया गया था, वही कुछ घायल को मामूली चोट थी जो घर चले गए क़रीब 4 घायल अस्पताल में भर्ती हैं जिनका इलाज किया जा रहा है।

**-कलेक्टर ने घायलों को दी आर्थिक सहायता:** एसपी और कलेक्टर भी मौक़े पर पहुँच हालातों जायज़ा लिया और घायलों और मृतकों के परिजन से मुलाक़ात कर रेडक्रॉस सॉसायटी की ओर से गम्भीर रूप से घायलों को तत्काल 5 हज़ार रुपये और मामूली घायलों को 2 हज़ार रुपये की आर्थिक सहायता मुहैया करायी गयी है।

**-फ़ोरलेन रोड की दरकार,:** बता दें कि ये पहली बार नही है इससे पहले भी कई हादसे इस नैशनल हाईवे 719 पर हो चुके हैं और लगातार इसे फोर लेन किए जाने की माँग उठती रही है, बावजूद इसके भिंड ज़िला प्रशासन या किसी भी मंत्री और जन प्रतिनिधि द्वारा अब तक कोई सकारात्मक पहल देखने को नही मिली, नतीजा हर साल सैकड़ों लोग इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसों में अपनी ज़िंदिगी गवां रहे हैं। भिंड स?क हादसा- मृतको के परिजनों को 4- 4 लाख की मदद और घटना की जांच के निःर्देश परिवहन और राजस्व मंत्री श्री गोविंद राजपूत ने भिंड-ग्वालियर हाईवे पर हुए बस हादसे में 7 लोगो की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा और निर्देशानुसार घटना में मृत व्यक्तियों के परिजन को 4-4 लाख रूपये एवं घायल व्यक्तियों को 50-50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की साथ ही संबंधित अधिकारियों को जांच के आदेश दिए।

## वन-टू-वन

### बिट्टू मे जल संकट, हजारों रुपए देकर डलवा रहे हैं टैंकर

**नेनाराम सिरवी**
**पुष्पांजली टुडे**

**पाली।** रोहट उपखंड के बिट्टू में पानी की सबसे ब?ी किल्लत देखने को मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 4 व 5 दिनों से पेयजल आपूर्ति



बंद होने के कारण मुक बधिर पशु पक्षियों के साथ साथ ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है ।व जलदाय विभाग की ओर से पानी के टैंकर आ रहे थे वो भी अभी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब भी सूखा पड़ा है वह पानी का अन्य कोई स्त्रोत नहीं है इस कारण निजी टैंकरों के माध्यम से हजारों रुपए देकर घरो में डलवाना पड रहा हैं पानी।ग्रामीणों का कहना है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किया जाएगा धरना प्रदर्शन। सरपंच प्रतिनिधि नरपत सिंह ने बताया कि पिछले 4-5 दिनो से पानी सप्लाई नहीं होने के कारण व पानी के टैंकर नही आने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### गुलाब चक्रवात से खतरे में सोयाबीन की फसलें

**भोपाल।** मानसून की सक्रियता के कारण सितंबर से लगातार हो रही बारिश ने मालवा-निमाड़ के कुछ क्षेत्रों में किसानों के सामने मुश्किलें खड़ी कर दी है। दरअसल जून के पहले हफ्ते में जिन किसानों ने अर्ली वैरायटी सोयाबीन बोवनी की थी वह फली में ही अंकुरित हो रही है। दूसरी सोयाबीन में भी दागी व नमी होने से किसानों को मंडी में अभी सही कीमत नहीं हो नहीं मिल रही है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने 2-3 अक्टूबर को अरब सागर में बन रहे गुलाब चक्रवात का असर मप्र के पश्चिम क्षेत्र में होने की संभावना जताई है जिसके चलते बारिश होगी। ऐसे में पकी हुई सोयाबीन को और खतरा हो सकता है। इस बार बारिश की शुरुआत 2 जून से मालवा निमाड़ में हो चुकी थी। इसके चलते महू, मानपुर, पीथमपुर, बेटमा आदि क्षेत्रों में जून के पहले हफ्ते में ही किसानों ने सोयाबीन की बोवनी कर दी थी। अब सबसे ज्यादा दिक्कत इन्हीं क्षेत्रों में है क्योंकि यहां सोयाबीन की फसलें पककर तैयार हो चुकी है और फली में ही अंकुरित हो रही है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है वहीं सोयाबीन भी दागी होना शुरू हो गया है। इससे जो किसान जैसे-तैसे सोयाबीन निकालकर मंडी में पहुंच रहे हैं उन्हें आधे दाम भी नहीं मिल रहे हैं। उधर आष्टा व सीहोर के अलावा इनके आसपास के गांव कोटरी, वफापुर, बागेर, भंवरा, खड़ी, जावर, मेतवाड़ा, इछावर, मैना क्षेत्र की नई सोयाबीन फसलों की अच्छी ग्रोथ होने से किसान संतुष्ट हैं। 5-6 अक्टूबर के बाद ये फसलें काटी जा सकेंगी लेकिन अगर इसके बाद भी बारिश जारी रही तो नुकसान हो सकता है। ऐसे ही सांवेर में इस बार अलग-अलग दौर में बारिश की शुरुआत हुई थी। यहां किसानों ने जुलाई तक बोवनी की थी। इसके चलते परेशानी कम है लेकिन लेकिन महू, मानपुर, पीथमपुर, बेटमा, देपालपुर आदि में किसानों ने जून के पहले हफ्ते में बोवनी कर दी थी इसके चलते फसलों को नुकसान होना शुरू हो गया है।

### दिग्विजय सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग, छात्रों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व छात्रों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर एसपी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व छात्रों ने मांग की है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 505 के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। दरअसल छात्रों ने पुलिस को दिए ज्ञापन में स्पष्ट किया है कि बीते दिनों पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सरस्वती शिशु मंदिर और उसमें पढ़ने वाले छात्रों को लेकर जिस तरह का बयान सार्वजनिक सभा में दिया था, वह सामाजिक उन्माद फैलाने के साथ सरस्वती शिशु मंदिर की प्रतिष्ठा और उसमें पढ़ने वाले छात्रों के आचरण पर बड़ा कुठाराघात है।

# बुजुर्गों का आर्शीवाद ही हमारी पूंजी - कलेक्टर मुरैना से गौरव शर्मा

**पुष्पांजलि टुडे**

**अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वद्धाश्रम में वृद्धजनों का किया सम्मान**

**मुरैना 01 अक्टूबर 2021**/अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को वृद्धाश्रम मुरैना में वृद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में कलेक्टर श्री बी कार्तिकेयन ने वृद्धजनों का माला पहनाकर, शॉल, श्रीफल व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बुजुर्गो का आर्शीवाद ही हमारी पूंजी है। इनके पद चिन्हों पर हमें चलना चाहिए। इनके सामने हम अपने प्रवचन क्या दें, वृद्धजन जीवन में एक खुली किताब के सामन हैं। इनसे तो सिर्फ ज्ञान अधिक से अधिक प्राप्त किया जा सकता है। वृद्धजन हम सभी के लिए धरोहर हैं। यह बात उन्होंने वृद्वाश्रम मुरैना में सम्बोधित करते हुये कही । इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रोशन कुमार सिंह, अतिरिक्त जिला सीईओ श्री आर के गोश्वामी, सामाजिक न्याय विभाग सहित मुरैना यूथ अकादमी व पृथा संस्था के पदाधिकारी एवं वृद्धजन उपस्थित थे।

अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने कहा कि वृद्धजन खुश रहें, स्वस्थ्य रहें, मन की कोई पी?ा हो तो बतायें, वृद्धजनों का आर्शीवाद ही सदा हम सब लोगों पर बना रहे। वृद्धों को वृद्धाश्रम में रहने रहने के लिये कुछ कमियां हो तो बतायें। उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

कलेक्टर ने कहा कि बुजुर्गो आशीष हमारी पूंजी है, इनको प्यार से रखें और इनके सानिध्य में रहकर सम्मान और सेवाभाव के साथ उनकी सेवा करें साथ ही अपने बच्चों को भी, इसकी शिक्षा और संस्कार दें।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ श्री रोशन कुमार सिंह ने कहा कि अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वृद्धजनों का सम्मान कर हम अपने आप को गौरवान्वित मेहसूस कर रहें है। वृद्धजनों का आर्शीवाद ही हम सबके लिये धरोहर है। मेरी मंशा है कि वृद्धाश्रम में जो भी वृद्ध रह रहें है, वे निसंकोच होकर उस कार्य को करें, जो उनके मन में अपूर्ण रह गई हो। जैसे कि किताबों का प?ना, संगीत, अन्य विशेष प्रकार की जीवन से जु?ी कला आदि। उन्होंने कहा कि कई वृद्धजनों को शासन की कई योजनाओं का लाभ मिल रहा होगा, कई उन योजनाओं से वंचित होंगे, उनको विशेषकर उन योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। इसके लिये मैं सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क में रहूंगा। मैं चाहता हूं कि स्वास्थ्य के लिये बुजुर्गो को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो। इसके लिये समय-समय पर नेत्र परीक्षण अन्य स्वास्थ्य की जांच होती रहें। मैं सभी बुजुर्गो के स्वस्थ्य रहने की कामना करता हूं। सभी खुश, स्वस्थ्य रहें। सभी की लंबी आयु की कामना करता हूं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी वृद्धजनों का शॉल श्रीफल और फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। अंत में कलापथक द्वारा वृद्धजनों को गीत, भजन प्रस्तुत किये गये।

# अजब सुसाइड की गजब कहानी: यूपी की नाबालिग ने नदी में 3 बार खुदकुशी करने की कोशिश , पानी कम होने के कारण हर बार बच गई जान

**टीकमग?(अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

जिले के जिले के कुंडेश्वर धाम (जमदार नदी) में नाबालिग लड़की के सुसाइड की कोशिश करने का वीडियो वायरल हो रहा है। लड़की ने तीन बार सुसाइड करने नदीं में छलांग लगाई लेकिन कम पानी होने के कारण वह हर बार बच गई। लड़की के अजब सुसाइड की गजब कहनी का वीडियो पर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

दरअसल नाबालिग उत्तरप्रदेश के महरौनी की रहने वाली है। नाबालिग अपनी स्कूटी से 20 किलोमीटर का सफर तय कर कुंडेश्वर धाम पहुंची। यहां युवती ने आत्महत्या करने नदीं में छलांग लगा दी। हालांकि पानी काफी कम होने के कारण वह डूब नहीं सकी।

**लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा:** नाबालिग ने दो बार नदीं में सुसाइड करने का प्र?ास किया। हर बार बच गई। जब उससे तीसरी बार आत्महत्या का प्रयास किया तो वहां पर मन्दिर के कर्मचारी पहुंचे और उसको रोका। लोगों ने इस दौरान उससे सुसाइड की कोशिश नहीं करने की विनती करने लगे। उसके सुसाइड करने का कारण जानना चाहा। हालांकि लड़की ने कुछ भी कारण नहीं बताई। ल?की किसी की बात नहीं मानी तो लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। नाबालिग 11वीं की छात्रा बताई जा रही है। अब नाबालिग का वीडियो वायरल हो रहा है।

# खोड भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में किया जाएगा भव्य स्वागत

**मंडल स्तर पर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा**

**नेनाराम सीरवी ब्यूरो**
**पुष्पांजली टुडे**

रानी पाली। भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक दिवसीय पाली दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं। रेल मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जिले में प्रवास के दौरान जिले के अलग-अलग स्थानों पर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में भव्य स्वागत किया जाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक दिवसीय प्रस्तावित दौरे को लेकर खोड भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम किरवा के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 पर खोड भाजपा मंडल स्तर पर ऐतिहासिक भव्य स्वागत अभिनंदन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेल मंत्री वैष्णव अपने प्रस्तावित 3 अक्टूबर 2021 पाली दौरे को लेकर पाली से सुमेरपुर प्रवास के दौरान किरवा में स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम में वैष्णव भाजपा मंडल के पदाधिकारियों सहित



कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर संवाद करेंगे।

खोड भाजपा मंडल अध्यक्ष हुक्म सिंह खरोकडा ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भारत सरकार के रेल मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह जिले में आ रहे हैं। उसको लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान खोड भाजपा मंडल के अलावा उपखंड के कई भाजपा पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता एवं आसपास गांवों के सैकड़ों लोग मौजूद रहेंगे। किरवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम स्थल का मंडल अध्यक्ष सहित खोड भाजपा मंडल आईटी संयोजक प्रभु सिंह राव जेठाराम सीरवी सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी घेवर चंद परमार सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कार्य स्थल पर चल रही तैयारियों का किया निरीक्षण। 3 अक्टूबर 2021 किरवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के अभिनंदन स्वागत समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए खोड भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारी दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# राशन बांटने में हेरा फेरी विरोध करने पर आंगनवाड़ी समूह अध्यक्ष के साथ की मारपीट




**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**
**पुष्पांजली टुडे**

**एटा ।** दो महीने से राशन वितरण नहीं करने की शिकायत के बाद अचानक महिला समूह की अध्यक्ष व सदस्य आंगनवाड़ी केंद्र पर पहुंची तो मंजू आंगनवाड़ी का राशन अपने घर पहुंचा रही थी। जब सभी लोगों ने इसका विरोध किया तो वहां मौजूद अभियुक्तगणों ने पीड़िता के साथ मारपीट की और बद नियत से कपड़े फाड़कर लज्जा भंग की और गंदी गंदी गालियां भी दी। चीख-पुकार सुनने के बाद वहां पर कुछ लोग आ गए जिसके बाद अभियुक्त भविष्य में देख लेने की बात कहते हुए मौके से फरार हो गए।

आपको बता दें पूरा मामला थाना बागवाला क्षेत्र का है जहां पीड़ति मीनाक्षी पत्नी लक्ष्मीकांत निवासी ग्राम नगला परमसुख ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक लिखित शिकायत का पत्र देते हुए बताया कि वह व शिवशंकर महिला समूह की अध्यक्ष है। जब वह गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मंजू रानी पुत्री उदयवीर सिंह निवासी नगला परमसुख दो महीने से राशन वितरण नहीं कर रही थी जब उन्होंने 23 सितंबर को समूह की सदस्य सुमन पत्नी पंकज और उर्मिला पत्नी नेत्रपाल के साथ मिलकर आंगनवाड़ी केंद्र पहुंची तो देखा कि मंजू रानी आंगनवाड़ी का सारा राशन अपने घर पहुंचा रही थी। जिसका विरोध उन्होंने व सदस्यों ने किया इसी बात को लेकर मंजू रानी के साथ मौजूद सुखलेस पुत्र प्रेम सिंह निवासी साहपुर थाना बागवाला उदय वीर पुत्र फूल सिंह निवासी नगला परमसुख ने मीनाक्षी के साथ मारपीट की और बदनियत से उनके कपड़े भी फाड़ दिए तथा गंदी गंदी गालियां दी। उन्होंने बताया क्या अभियुक्तों ने कहा हम जैसा करेंगे वैसा ही करना होगा अन्यथा जेल पहुंचा देंगे पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर वहां रंजीत पुत्र लाखन सिंह महिपाल पुत्र ना मालूम आदि बहुत से लोग आ गए जिन्होंने उसे बचाया। वहीं अभियुक्त भविष्य में देख लेने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए पीड़िता ने यह भी बताया कि वह बागवाला थानाध्यक्ष को शिकायत कर चुकी है लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय के लिए फिर से प्रार्थना पत्र सौंपा है।

# नवाचार योजना के अंतर्गत 5 पंचायतों का चयन



**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**लांजी-मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग**

अंतर्गत ग्राम पंचायतों में 100 से अधिक प्रगति रथ आवास वाली ग्राम पंचायतों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व अन्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के कन्वर्जन के माध्यम से आदर्श बसाहट विकसित करने के उद्देश्य से अभ्युदय नवाचार चालू किया गया है ।इसके अंतर्गत जनपद पंचायत लांजी विकास खंड में 5 ग्राम पंचायतों का इसमें चयन किया गया हैं । चयनित पंचायतो में ग्राम पंचायत दुल्लापुर, नेवरवाही , खुर्सीटोला, मीरिया ,रिसेवाडा का समावेश है। इन ग्राम पंचायतों में सामुदायिक, व्यक्तिगत अधोसंरचना निर्माण सामाजिक सुरक्षा ,आजीविका सशक्तिकरण, स्वच्छ भारत मिशन एवं विभिन्न योजनाओं के द्वारा ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जा रहा है। 30 सितम्बर को ग्राम पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विवेक कुमार के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही एवं ग्रामीण जनों की बैठक प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में बीसी श्री हरिद्वार पंचायत सहायक अधिकारी श्री राममें एवम जीआरएस राजू रामटेके के माध्यम से ग्राम पंचायत मिरिया में बैठक रखी गई जिनमें उन्हें श्चद्वड्ढ4 योजना अंतर्गत आवास समय सीमा में पूर्ण करने व ग्राम पंचायतों में अन्य समस्याएं सुनी गई।

## नैनो न्यूज

### दो आदतन अपराधी जिला बदर और एक से भराया बंधपत्र

**ग्वालियर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने दो आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही एक आदतन अपराधी से 50 हजार रूपए का बंध पत्र भरवाकर हर माह थाने में हाजिरी दर्ज कराने का आदेश पारित किया है। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर लोक शांति एवं जन सुरक्षा को ध्यान में रखकर जिला दण्डाधिकारी ने यह आदेश जारी किए हैं। जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने आरोपी सोनू उर्फ मल्लाह खान निवासी गेंडेवाली स?क और मानसिंह कुशवाह निवासी गोल पहा?िया के खिलाफ जिला बदर के आदेश पारित किए हैं। इन आदतन अपराधियों को ग्वालियर जिला सहित निकटवर्ती भिण्ड, मुरैना, शिवपुरी एवं दतिया जिले की सीमाओं से 6 माह तक की अवधि के लिये बाहर चले जाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही आदतन अपराधी दिलीप उर्फ दिल्लो बाल्मीकि निवासी निम्बाजी की खो जीवाजीगंज से 50 हजार रूपए का अनुबंध पत्र भरवाने का आदेश जारी किया है। दिलीप उर्फ दिल्लो को हर माह की एक से 15 तारीख के बीच पुलिस थाना जनकगंज में उपस्थित होकर हाजिरी भी दर्ज करानी होगी।

### पानी की लाइनों में लीकेज की सूचना मिलने पर तत्काल कराए दुरुस्त

**ग्वालियर।** नगर निगम के पीएचई अमले द्वारा मुरार उपखंड में विभिन्न वार्डों में लीकेज की जानकारी मिलते ही तत्परता से तत्काल लीकेज दुरुस्त कर पानी सप्लाई प्रारंभ कराई। उपायुक्त ग्वालियर पूर्व एपीएस भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त किशोर कान्याल के निर्देशानुसार मुरार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में अमले की पानी की लाइनों के लीकेज की सूचना मिली सूचना मिलने पर तत्काल टीम पंहुचाकर लीकेज ठीक कराए गए। जिसमें वार्ड नंबर 24 में मोहन नगर पार्क के पास, वार्ड नंबर 21 में सी एन कॉन्वेंट स्कूल के पास इंद्रमणि नगर, वार्ड नंबर 22 में सिद्धेश्वर नगर मरघट रोड पर, वार्ड नंबर 29 में दर्पण कॉलोनी जनता क्वार्टर, वार्ड नंबर 60 में पवनसुत कॉलोनी पूर्व पार्षद के घर के पास, वार्ड नंबर 25 में 7 नंबर चौराहा पर पानी की लाइनों के लीकेज ठीक कराए गए।

### नवरात्र की तैयारियां शुरु- गराबा डांडिया की हो रही है प्रैक्टिस

**ग्वालियर।** शरद नवरात्र 7 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे है। नवरात्र नजदीक आने के साथ हा जहां शहर के देवी मंदिरों मे तैयारियों शुरु हो गई है वही माता के पंडाल लगाने के की तैयारी के साथ शहर के गार्डन और गली मोहल्लों से डांडिया स्टिक की खनक सुनाई देने लगी है। प्रतिभागी विशेषयों के मार्गदर्शन में गुजराती गीतों पर खामियों की दूर कर खुद को गरबा क्वीन या गरबा प्रिंस बनाने के काबिल बना रहे हैं। इतना ही नहीं प्रतिभागियों ने खुद के लिए ड्रेस तक सिलेक्ट कर ली है। प्रतिभागियों का कहना है कोरोना के कारण वे गत वर्ष रिंग में धमाल नहीं कर पाए थे, इसलिए वे पूरी तैयारी के साथ इस बार मैदान में उतरना चाहते हैं और पूरे दिल से गरबा करते हुए माता रानी की आराधना करना चाहते हैं। जानकारी के अनुसार महोत्सव को खूबसूरत बनाने के लिए वे थीम बेस्ड महोत्सव की तैयारी में जुटे हुए हैं, जो भारत के किसी न किसी राज्य की परंपरा से जुड़ी होगी। सभी का फोकस गुजराती के साथ राजस्थानी परंपरा पर टिका हुआ है। इसके अंतर्गत प्रतिभागी इन दोनों राज्यों के परिधान पहनकर गरबा खेलेंगे। रिंग में झमने वाले कपल, महिलाओं और बच्चों के अलग-अलग ग्रुप बनाए जाएंगे। उनकी थीम के अनुसार मेकअप होगा। वहीं बाजार में गुजरात के कच्छी पेटर्न ड्रेस और हरियाणा के घेरदार घांघरे की डिमांड है। बाजारों में भी न्यू लुक में डांडिया स्टिक लाई गई हैं।

# पोषण आहार कारखाने अब ठेकेदार नहीं महिला स्व-सहायता समूह चलायेंगे: मुख्यमंत्री चौहान

### मुख्यमंत्री चौहान शिवपुरी में जनकल्याण और सुराज अभियान के तहत आयोजित हुए

### महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में शामिल हुए

### केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया भी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए



**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पोषण आहार बनाने का कारखाना अब कोई ठेकेदार नहीं बल्कि स्व-सहायता समूह की महिलायें चलायेंगीं। उससे होने वाला लाभ भी स्व-सहायता समूह की महिलाओं के खाते में जायेगा। इसके साथ ही महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में सरकार हर संभव कार्य करेगी। स्व-सहायता समूह की महिलायें ही स्कूल के बच्चों के गणवेश सिलने का कार्य करेंगीं, राशन की दुकानें भी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से संचालित की जायेंगी। साथ ही उपार्जन का कार्य भी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को शिवपुरी जिला मुख्यालय पर जन-कल्याण और सुराज अभियान के तहत आयोजित हुए महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने इस अवसर पर सिंगल क्लिक के जरिए प्रदेश के 20 हजार महिला स्व-सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज के अन्तर्गत ढ़ाई सौ करो़ड रूपये की आर्थिक सहायता वितरित की। साथ ही सिंगल क्लिक के जरिए ही सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की 2 लाख 27 हजार 687 महिलाओं को 22 करोड़ 77 लाख रुपये का आहार भत्ता और बाढ़ पीड़ितों को 163 करोड़ 28 लाख रूपये राहत राशि के रूप में वितरित किये गए। उन्होंने इस अवसर पर शिवपुरी जिले के 80 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी सिंगल क्लिक से किया। इन कार्यों की लागत 305 करोड़ रूपए है।

दिल्ली से वर्चुअली रूप से केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी इस कार्यक्रम से जुड़े। शिवपुरी में आयोजित कार्यक्रम में शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, लोक निर्माण राज्य मंत्री सुरेश रायखेड़ा एवं गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र के सांसद के पी यादव, विधायक वीरेन्द्र रघुवंशी व सीताराम आदिवासी, प्रदेश महामंत्री रणवीर रावत, जिला अध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक सहित प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग उमाकांत उमराव, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ एल एम वेलवाल, संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना, आईजी अविनाश शर्मा, डीआईजी राजेश हिंगणकर, कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि मध्यप्रदेश में पोषण आहार तैयार करने के कारखाने अब कोई ठेकेदार नहीं चलायेगा बल्कि स्व-सहायता समूहों की महिलायें ही चलायेंगीं। हमने महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कारखानों का मालिक बना दिया है। पहले ये कारखाने एमपी एग्रो के माध्यम से ठेकेदार चलाते थे। इन कारखानों के माध्यम से 800 करोड़ रूपए प्रति वर्ष का कार्य किया जाता था। अब यह कार्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से होगा और उसका लाभ भी सीधे उनके खाते में पहुँचेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बच्चों के लिए पोषण बनाने का कार्य माँ, बहनों से अच्छा कोई नहीं कर सकता है।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में जो कार्य मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में हुए हैं वह अनुकरणीय है। प्रदेश में संचालित अनेक योजनाओं को देश के अन्य राज्यों ने स्वीकार कर अपने यहाँ संचालित किया है। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा कि कुपोषण मिटाने के लिये सहरिया महिलाओं के खाते में एक हजार रूपए प्रतिमाह की राशि डालने का अनुकरणीय कार्य प्रदेश में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से ही प्रदेश और देश प्रगति के मार्ग पर तेजी से चल सकता है।

प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जो कार्य किया गया है उसकी गूँज न केवल मध्यप्रदेश में बल्कि पूरे देश में है। लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से प्रदेश में 40 लाख बच्चियों को लाभान्वित किया गया है। बच्चियां पड़ें और आगे बड़ें। इसके लिये हजारों बच्चियों को साइकिल उपलब्ध कराई गई है। मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि इससे भी आगे बड़ते हुए प्रदेश में अब पोषण आहार तैयार करने वाले कारखानों का मालिक भी स्व-सहायता समूह की महिलाओं को बनाया गया है। यह कार्य महिलाओ के हित में ऐतिहासिक कार्य है।

खेल मंत्री श्रीमती सिंधिया ने कहा कि कोविड-19 संकट का समय हो या हमारे अंचल में आई बाढ़ त्रासदी, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने संकट की घड़ी में हर संभव मदद की और लोगों को संकट से उबारने का कार्य किया है।

कार्यक्रम में शिवपुरी जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जो कार्य किया जा रहा है उसकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रदेश में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। पोषण आहार तैयार करने के कारखाने का संचालन स्व-सहायता समूह की महिलाओं को दिया गया है। क्षेत्रीय सांसद के पी यादव ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य भी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में तेजी के साथ किए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि शिवपुरी जिले में पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। शिवपुरी जिले के आस-पास उत्पन्न होने वाले टमाटर, धनिया एवं अन्य उत्पादों के लिये प्रोसेसिंग यूनिट भी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने वन क्षेत्र को देखते हुए औषधि निर्माण यूनिट लगाने की आवश्यकता भी बताई। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण के चैक प्रदान किए गए। साथ ही जिन बैंक मैनेजरों द्वारा उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### स्टेडियम परिसर में किया वृक्षारोपण

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम स्थल स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण किया। उन्होंने पीपल का पौधा लगाया। इसके अलावा सतपर्णी, प्राइड ऑफ इंडिया का पौधा लगाया।

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहेंगे: कौशलेन्द्र विक्रम सिंह



### बुजुर्ग अपनी किसी भी समस्या के लिए संपर्क कर सकते हैं : अमित सांघी

### वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान ने 75 साल से अधिक आयु के 12 वरिष्ठजनों का किया सम्मान

**ग्वालियर।** वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित वरिष्ठ नागरिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि हम वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। उन्होंने बताया कि ''टाईम बैंक'' एक नया कंसेप्ट है और अधिक से अधिक बुजुर्ग इससे जुडें, ताकि जब आपको जरूरत पडेगी तब लोग आपके लिए समय देंगे। अकेले रह रहे बुजुर्गों के स्वास्थ्य और उनकी देखभाल की चिंता करना समाज की जिम्मेदारी है। वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान इस क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम आप सबके साथ बैठकर समाज कल्याण की योजनाओं पर चर्चा करेंगे और उनके क्रियान्वयन का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने कहा कि आप और हम एक पहिये के दो पहलू हैं। आज हम सक्षम हैं, कल हमें भी बुजुर्ग अवस्था में आना है। इसलिए पुलिस सदैव बुजुर्गों के साथ है। कोई भी, कभी भी तकलीफ होने की दिशा में हमसे संपर्क कर सकते हैं।

विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित अपर आयुक्त, नगर निगम मुकुल गुप्ता ने माता-पिता भरण-पोषण अधिनियम पर अपनी बात रखी और बुजुर्गों को समझाया कि आपको किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हम सब आपके साथ हैं और सरकार ने कानून के दायरे में आपकी मदद करने का प्रयास किया है। कार्यक्रम को महिला बाल विकास के उप संचालक श्री शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल ने स्वागत भाषण रखा, जबकि संस्थापक भूपेन्द्र जैन ने संस्था की गतिविधियों के बारे में अतिथियों को अवगत कराया। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले जी.डी. लड्ढा, पी.एल. जैन, उमेशचंद्र भार्गव, डॉ. अजीत प्रकाश दीवान, डॉ. भारत सिंह सिकरवार, प्रभात भार्गव, सुमत चंद्र जैन, रमेश चंद जैन, सुशील कुमार ज्वारदार, भैरो सिंह पटेल, नवल किशोर शर्मा, राधेश्याम खंताल का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया।

# स्व.माधवराव सिंधिया के नाम पर डाक टिकट जारी होगा



**ग्वालियर।** माधवराव सिंधिया जी के नाम पर डाक टिकट जारी होगा केंद्रीय मंत्री तोमर और सिंधिया ने दिया आश्वासन ग्वालियर कैलाशवासी माधवराव सिंघिया के नाम पर डाक टिकिट जारी कराने केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया नामकरण विकास समिता ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के संयुक्त प्रतिनिधि मण्डल को कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। श्रीमंत माधवराव सिंधिया नामकरण विकास समिति के अध्यक्ष एड संजय दीक्षित एवं मीडिया प्रभारी अनिल पुनियानी व्यापारी संघ अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया के नेतृत्व में केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से नई दिल्ली में कैलाशवासी माधव राव सिंधिया की पुण्य तिथि 30 सितम्बर के अवसर पर मुलाकात कर माधवराव जी के नाम पर भारतीय डाक टिकिट जारी कराने पृथक-पृथक ज्ञापन पत्र प्रस्तुत किये। जिन पर सिंधिया और तोमर ने शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर कमल राठौर दिल्ली साऊ? वाले बब्लू भदौरिया राकेश अग्रवाल, ए.के. माहेश्वरी आदि शामिल थे।



# पेट्रोल पंप पर लूट करने से पहले ग्वालियर पुलिस के जाल में फंसे 3 बदमाश, मैनेजर को लूटने की थी प्लानिंग; चोरी की 3 बाइकें भी जब्त




**ग्वालियर।** ग्वालियर में पेट्रोल पंप के मुनीम (मैनेजर) को लूटने के लिए आए तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि मास्टर माइंड्स समेत 3 फरार हो गए। पुलिस समय पर एक्शन नहीं लेती तो लूट की ब?ी वारदात हो जाती। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात उपनगर मुरार के शहीद गेट पेट्रोल पंप के पास की है। पुलिस ने तीनों बदमाशों से तीन बाइक, कट्टे, चाकू बरामद किए हैं। बरामद बाइक चोरी की बताई जा रही हैं। ASP राजेश डंडोतिया ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश वारदात को अंजाम देने के लिए शहीद गेट के पास जमा हुए हैं। मुरार थाना प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। तीन पुलिस टीम बनाकर बदमाशों की तलाश में रवाना की। पुलिस को शहीद गेट के पास अंधेरे में कुछ बदमाश दिखाई दिए, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा कर तीन को हिरासत में ले लिया, जबकि उनके 3 साथी भागने में सफल हो गए। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम हरिओम बाल्मीकि, चंदू पचौरी पुत्र राजेश पचौरी, कुलदीप पुत्र राजकुमार चौधरी बताए। साथ ही बताया कि उनके तीन साथी भाग निकले हैं, जिनके नाम सोनू गुर्जर पुत्र सिद्धार्थ गुर्जर निवासी डोगरपुर, गोलू पुत्र अनिल पाल निवासी चार शहर का नाका और सोनू पुत्र सिद्धार्थ गुर्जर हैं।

# 4 दिन में 6 बच्चों की मौत: 24 घंटे में अब तक के सबसे ज्यादा 38 डेंगू पॉजिटिव मिले, 296 पहुंचा आंकड़ा

**ग्वालियर।** ग्वालियर में वायरल, डेंगू और दिमागी बुखार तेजी से फैल रहा है। लगातार चौथा दिन है जब जयारोग्य अस्पताल के चत्र्रा में बच्चे की मौत हुई है। 4 दिन में 6 बच्चों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को जिस बच्चे की मौत हुई, उसकी उम्र 8 साल थी। छतरपुर से उसे गंभीर हालत में लाया गया था।

लगातार केस बढ़ रहे हैं। गुरुवार को अभी तक के एक दिन के सबसे ज्यादा डेंगू केस मिले हैं। 98 सैंपल की जांच में से 52 डेंगू पॉजिटिव मिले हैं। इनमें भी 38 मरीज ग्वालियर के हैं। शेष 14 मरीज पड़ोसी शहरों के हैं। चत्र्रा में लगातार बढ़ रहे बच्चे मरीजों की संख्या को देखते हुए पीडियाट्रिक वार्ड में 20 अतिरिक्त बेड बढ़ाए गए हैं। ग्वालियर के KRH में पीड़ियाट्रिक वार्ड में अभी तक 36 बेड थे, जिन पर 85 के लगभग बच्चे भर्ती थे। हालत यह थी कि एक बेड पर दो, तीन तक बच्चे भर्ती करने पड़ रहे थे। किसी-किसी बेड पर तो 4 तक बच्चों को एडमिट किया गया था। जब यह हालात पर स्थानीय विधायक भड़के और सोशल मीडिया पर लगातार बात उठी तो प्रशासन ने तत्काल स्थिति को नियंत्रण में लिया है। इसके बाद ऑर्थोपेडिक और स्किन विभाग के 20 बेड लेकर पीडियाट्रिक वार्ड में बढ़ाए गए हैं। जिससे अब कुछ राहत है, लेकिन लगातार वायरल, डेंगू से पीड़ित होते बच्चों की संख्या बढ़ती जा रही है।





**कुल डेंगू मरीज 294, सिर्फ 23 दिन में आए 267, इनमें 144 बच्चे:** महानगर में डेंगू धीरे-धीरे सभी वार्डों में पहुंचने लगा है। गजराराजा मेडिकल कॉलेज के माइक्रो बायोलॉजी विभाग और जिला अस्पताल मुरार में गुरुवार को 98 संदिग्ध मरीजों के सैंपल की जांच में 52 लोगों को डेंगू निकला है। यह इस सीजन के सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज है। गुरुवार को मिले 52 डेंगू पॉजिटिव मरीजों में से 38 मरीज ग्वालियर के हैं तथा 14 मरीज दतिया, शिवपुरी, भिंड, मुरैना, झांसी और धौलपुर के हैं। ग्वालियर में भी इस सीजन में पहली बार इतने अधिक डेंगू के मरीज एक साथ मिले हैं। इससे पहले 21 सितंबर को ग्वालियर में डेंगू के 30 मरीज मिले थे। जिले में अब डेंगू पीड़ित मरीजों की संख्या 294 पहुंच गई है। इनमें से भी 7 से 30 सितंबर के बीच ही 267 डेंगू के नए मरीज सामने आए हैं। जिले के 144 बच्चों में भी डेंगू की पुष्टि हो चुकी है।

**डीडी नगर में सबसे ज्यादा फैला डेंगू:** ग्वालियर में लगातार डेंगू के मरीज ब?ते जा रहे हैं। अभी तक 294 केस सामने आ चुके हैं। 7 सितंबर से 30 सितंबर के बीच 267 केस आ चुके हैं। इनमें से सबसे ज्यादा डेंगू प्रभावित इलाका महाराजपुरा के डीडी नगर व पिंटो पार्क इलाका है। यहां अभी तक 80 डेंगू मरीज मिल चुके है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**